


हरिभूमि
रायपुर भूमि

### संध्याकाल प्रारंभ होगा श्रवण नक्षत्र

*उत्तराषाढ़ा और श्रवण नक्षत्र का संयोग शिव-शक्ति मिलन का प्रतीक है, जिससे सूर्य की ऊर्जा (तेज, सफलता) और चंद्रमा का फल (मानसिक शांति, शीतलता) दोनों प्राप्त होंगे, और किए गए कार्यों में सिद्धि मिलेगी। इस योग में पूजा करने से जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और सफलता प्राप्त होगी। श्रवण नक्षत्र का प्रारंभ 15 फरवरी को शाम 7 बजकर 48 मिनट पर होगा और 16 फरवरी की सुबह 8 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। श्रवण नक्षत्र को ज्ञान, साधना और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है। निशिता काल महाशिवरात्रि पूजा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय माना जाता है, निशिता काल मुहूर्त रात 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। इसके अतिरिक्त दोपहर 12 बजे मिनट से 12 बजकर 45 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त और दोपहर 12 बजकर 59 मिनट से 2 बजकर 41 मिनट तक अमृतकाल रहेगा, जो पूजा और शुभ कार्यों के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है।*

# महाशिवरात्रि पर उत्तराषाढ़ा और श्रवण नक्षत्र का विशेष युग्म संयोग, यह शिव-शक्ति मिलन का प्रतीक

- 15 फरवरी को मनाई जाएगी महाशिवरात्रि, राजधानी के मंदिरों में तैयारी लगभग पूर्ण
- पूजा-साधना के लिए उत्तम माने गए व्यतीपात व वरियान योग भी इस दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

15 फरवरी 2026 रविवार को महाशिवरात्रि पर उत्तराषाढ़ा और श्रवण नक्षत्र का विशेष युग्म संयोग बन रहा है, जो एक दुर्लभ और अत्यंत फलदायी योग है। इस दिन शाम 07:48 तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र और उसके बाद श्रवण नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि व अन्य शुभ योग (व्यतीपात, वरियान) रहेंगे, जो पूजा-साधना के लिए उत्तम माने गए हैं। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि का आरंभ 15 फरवरी को शाम में 5 बजकर 4 मिनट पर होगा। वहीं, अगले दिन यानी 16 फरवरी को शाम में 5 बजकर 34 मिनट पर तिथि समाप्त होगी। शास्त्रों के नियम के अनुसार, महाशिवरात्रि का पर्व तब मनाया जाता है, जब चतुर्दशी तिथि निशीथ काल का समय भी लग रही हो। ऐसे में चतुर्दशी तिथि निशीथ काल के समय होने के कारण 15 फरवरी रविवार को ही महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा।



### चार पहर पूजन मुहूर्त

शास्त्रों में महाशिवरात्रि की रात के चारों प्रहरों में शिव पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। प्रत्येक प्रहर की पूजा का अलग आध्यात्मिक फल होता है। चारों प्रहर की पूजा करने से धन, यश, स्थिरता, और संतान से जुड़ी बाधाओं से मुक्ति मिलने की मान्यता है। पहला प्रहर 15 फरवरी की शाम 6:01 बजे से रात 9:12 बजे तक, दूसरा प्रहर 15 फरवरी की रात 9:12 बजे से 16 फरवरी की रात 12:22 बजे तक, तीसरा प्रहर 16 फरवरी की रात 12:22 बजे से सुबह 3:33 बजे तक तथा चौथा प्रहर 16 फरवरी को सुबह 3:33 बजे से 6:44 बजे तक रहेगा।

### दुर्लभ संयोग

महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग पूरे दिन रहेगा। 15 फरवरी को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजकर 48 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। यह योग जीवन के सभी कार्यों में सफलता और उन्नति का संकेत देता है। साथ ही, व्यतीपात और वरियान योग भी बन रहे हैं। व्यतीपात योग पूरे दिन विद्यमान रहेगा, जो आध्यात्मिक साधना और मंत्र जाप के लिए अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### बैजनाथपारा में दबिश छह संदिग्ध दबोचे गए



**रायपुर।** कोतवाली थाने की पुलिस ने देर रात तक दुकान का आधी शटर बंद कर खाने-पीने का सामान बेचने वाले दुकानदारों के साथ ग्राहकों को समझाइश देने के साथ आधा दर्जन संदिग्धों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने जिन संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें रमीज रजा, केशव देवांगन, वासु राजपूत, सैयद मदनी, फरहान खान, मोहम्मद इम्तियाज के नाम शामिल हैं।

### सूने मकान में चोरी, नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व सूने मकान में चोरी के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 77 हजार रुपए कीमत का सामान जब्त किया है। रावांभाठा निवासी खेमू साहू की शिकायत पर पुलिस ने मोहम्मद इरफान अंसारी, पप्पू चंद्राकर तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल कुलेश साहू फरार है। बदमाशों ने खेमू के सूने मकान में 11 से 13 जनवरी के बीच चोरी की थी।

### 15 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** डीसीपी सेंट्रल जोन के निर्देश पर पुलिस ने चार थाना क्षेत्र में अभियान चालाकर 15 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। इनमें कई बदमाश सार्वजनिक स्थान पर गांजा पीते पकड़े गए हैं। पुलिस ने कोतवाली 6, गोल बाजार 4, मौदहापारा 1 तथा गंज थाना क्षेत्र के 4 संदिग्धों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

### सूने मकान में डेढ़ लाख की चोरी



**रायपुर।** अभनपुर थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सूने मकान से 65 हजार रुपए नकदी सहित डेढ़ लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राखी निवासी कोमेश्वर साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। कोमेश्वर ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़ कर अलमारी में रखी नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया।

### उबड़-खाबड़ सड़क में दुर्घटना का अंदेशा

# भाठागांव में सड़क का काम इतना धीमा कि धंधा ही बैठ गया, धूल, मिट्टी और गड्ढों के बीच ट्रैफिक जाम



- विधायक सुनील सोनी और महापौर की फटकार का ठेका एजेंसी पर असर नहीं
- पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 3 करोड़ 63 लाख की लागत, भाठागांव से शीतला चौक दतरेंगा मोड़ तक बन रही सड़क
- ढाई किलोमीटर के सड़क डामरीकरण, डिवाइडर, नाली निर्माण और पोल शिफ्टिंग का है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

भाठागांव रिंग रोड चौक से शीतला चौक दंतरेंगा मोड़ तक नगर निगम द्वारा लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 3 करोड़ 96 लाख की लागत से 1.20 किलोमीटर दायरे की सड़क बनवाई जा रही है। सड़क निर्माण का काम 11 महीने बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। इसमें सड़क डामरीकरण, दोनों ओर नाली निर्माण, डिवाइडर बनाना तथा स्ट्रीट लाइट संबंधी कार्य शामिल है। सड़क की जगह-जगह खुदाई होने से मार्ग में गहरा गड्ढा बन गया है। लोगों के घरों व दुकानों के सामने वाली सड़क खुदाई कर छोड़ देने से दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया चालक, राहगीर सहित आसपास के दुकानदारों को खासी परेशानी हो रही है। हालत ये है, सुबह से देर शाम तक घरों और दुकानों में धूल, मिट्टी की परत जम रही है। इस वजह से दुकानदारों ▶▶ शेष पेज 13 पर

### धंधा ठप, कस्टमर आना नहीं चाहते, दुकान पर रोज जम रही धूल : राजू देवांगन गजानंद वस्त्रालय

35 साल से भाठागांव चौक पर कपड़े की दुकान चला रहा हूं। यह पहला मौका है जब पिछले 8 माह से धंधा ठप पड़ा है। पहले यहां नाली बनाने सड़क खुदाई कर महीना भर वैसे ही छोड़ दिया। नाली बनाने के बाद बिजली का खंबा शिफ्ट करने दोबारा सड़क उधेड़ी। रोज यहां लाइट बंद हो रही है, पूरी सड़क का यही हाल है। दुकान में रखे कपड़ों पर धूल-मिट्टी की परत जम रही है। सफेद शर्ट और डार्क शर्ट को आखिर कितना झाड़ कर रखें। बहुत परेशान हैं सड़क खुदाई की वजह से ग्राहक आना चाहते, पार्किंग की समस्या है दूसरी लाइन में गाड़ी खड़ी कर रोज दुकान आते हैं। दिनभर यहां जेसीबी चलता है इसलिए दुकान में बैठ भी नहीं सकते। पता नहीं कब तक ऐसे चलेगा। रोजी-रोटी कैसे चलेगी, यहीं चिंता खाए जा रही है।

## लोगों ने ये कहा

### दुकान के सामने 15 दिन से 3 फीट गड्ढा, 70 फीसदी धंधा चौपट : मोहित सोनकर, दवा विक्रेता



भाठागांव में मोनू मेडिकल स्टोर चलाने वाले मोहित सोनकर ने हरिभूमि को बताया कि सड़क निर्माण के नाम पर दुकान के सामने 3 फीट गहरा गड्ढा पिछले 15 दिन से खोद कर छोड़ दिया है सड़क से दुकान तक आने-जाने का रास्ता ही नहीं बचा हमने लोहे की सीढ़ी लगाई है, पर उसमें उम्रदराज लोग चढ़ नहीं सकते। जहां 1 से डेढ़ फीट गड्ढा सड़क निर्माण के लिए करना था वहां ठेकेदार ने 3 फीट गहरा गड्ढा खोद कर छोड़ रखा है। उपर से सड़क निर्माण के कारण इतनी ज्यादा धूल और मिट्टी दिन ▶▶ शेष पेज 13 पर

### एक साल में सड़क बनना था, 11 माह बीत गए, 10 फीसदी हुआ काम : राजा यादव, स्थानीय निवासी



स्थानीय निवासी राजा यादव ने बताया कि सड़क डामरीकरण, डिवाइडर निर्माण और नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट के लिए 1 साल की समय सीमा तय रही। 11 माह बीत गए महज 10 फीसदी काम हो पाया। नाली निर्माण बहुत स्लो लेवल पर हुआ वह भी शीतला चौक के पास अभी बनना बाकी है। जर्जर सड़क की जगह पक्की सड़क बनना है, निर्माण कार्य बहुत धीमा इससे व्यापारी, राहगीर और क्षेत्र की जनता बेहद ▶▶ शेष पेज 13 पर

### भाठागांव की सड़क दुनिया की सबसे खराब सड़क : कमलेश देवांगन-अवधपुरी भाठागांव



भाठागांव रिंग रोड की सड़क दुनिया की सबसे खराब सड़क है। यहां की स्थिति बद से बदतर होते जा रही है। जब से इस क्षेत्र में बस स्टैंड अया तब से गाड़ियों की स्टापेज, देर रात गाड़ियों की आवाजाही, हाइवा जैसे बड़ी गाड़ियां लगागातर चलती है। इससे दुघर्टना का खतरा हमेशा बना रहता है। शाम 6 बजे के बाद इस रोड कब कोई गड्ढे में गिर जाए कह नहीं सकते। सब्जी बाजार वाले शेड में न बैठकर सड़क के दोनों ओर बैठे रहते हैं इससे ट्रैफिक जाम बना रहता है।

### दुकान आने घूम कर आना पड़ता है : गौरव कुमार, गारमेंट व्यवसायी

14 साल से भाठागांव में महावीर हॉटल के बाजू में गारमेंट की दुकान चला रहे गौरव कुमार का कहना है, पहले उनकी दुकान में टिकरापारा सहित आसपास के ग्राहक आते थे, जब से सड़क निर्माण शुरू हुआ ग्राहक आने कम हो गए। राखी के समय नाला निर्माण के लिए दुकान के सामने गड्ढा खोद दिया। एक महीने तक धंधा ठप रहा। दीपावली के समय नाली बनाने रोड खुदाई फिर हुई इससे व्यवसाय प्रभावित रहा। अब पोल शिफ्टिंग के नाम पर दस दिन से खुदाई चल रही है। दुकान आने घूम कर जाना पड़ रहा है।


# नकली दवा कारोबार में संदेही को कागजात दिखाने वाला अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एंटीबायोटिक की नकली दवा के प्रमुख संदेही के साथ राजधानी के होटल में बैठक करने वाले खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सहायक नियंत्रक को राज्य शासन ने निलंबित कर दिया। अफसर जांच से जुड़े दस्तावेज आरोपियों को दिखाते हुए कैमरे में कैद हो गया था। मामले की बारह दिन तक चली जांच के बाद उसके निलंबन का आदेश जारी किया गया है। इस प्रकरण से जुड़े कुछ अन्य पर कार्रवाई किए जाने की तैयारी है।

- इन्वेस्टीगेशन से संबंधित दस्तावेज आरोपी को दिखाते कैमरे में हुआ था कैद

नकली दवा के संवेदनशील मामले में एडीसी संजय नेताम जांच अधिकारी भी था। मामले की जांच उस दौरान विवादों में आ गई थी जब रायपुर जिले के सहायक नियंत्रक ने लापरवाही का आरोप लगाकर कुछ जांच अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया था। इस मामले को लेकर विभागीय तनाव कायम ही था कि मामले में नया ट्विस्ट तब आया नोटिस जारी करने वाले अधिकारी संजय नेताम और मामले के प्रमुख संदेही का एक होटल में मीटिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। सारंगढ़ के दवा कारोबारी खेमराज केसरवानी और उनकी पत्नी के साथ सुभाष स्टेडियम के पिछले हिस्से में स्थित रेस्टोरेंट में मीटिंग करते हुए पकड़े गए। नेताम उन्हें मामले से संबंधित दस्तावेज दिखाने के साथ प्रकरण के बारे में कुछ समझा रहे थे। ▶▶ शेष पेज 13 पर



### खाद्य अफसर भी थे मौजूद

इस मामले में संदेह इसलिए अधिक बढ़ गया है, क्योंकि जिस होटल की गैलेरी में औषधि निरीक्षक संदेही कारोबारी के साथ बैठक कर रहा था, वहीं भीतर खाद्य निरीक्षक मौजूद थे। उस दौरान भीतर अफसरों की पार्टी होने का दावा किया गया था, मगर बैठक के पहले एक महिला अधिकारी को संजय नेताम के साथ होटल से बाहर निकलते देखा गया था। इस महिला अफसर को रायपुर से हटाकर जशपुर भेज दिया गया है।

### पांच साल जांच पेंडिंग

निलंबन के शिकार हुए अधिकारी संजय नेताम पर कोरिया की पोस्टिंग के दौरान व्यापक पैमाने पर दवा दुकान का लाइसेंस 30 से 40 हजार रुपए ले-लेकर जारी करने का आरोप लगा था। केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की शिकायत पर लाइसेंस निरस्त किए गए थे। इस मामले की विभिन्न स्तर पर शिकायत हुई थी, मगर मामले में किसी भी तरह की कार्रवाई को पेंडिंग कर दिया गया था।

**मामला अभी तक थाना नहीं पहुंचा**

# बच्चियों को बैड टच करता था प्रधान पाठक, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नया रायपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चीचा के शासकीय प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक को बच्चियों को बैड टच करने के मामले में शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने बुधवार को आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत इस मामले में शिक्षा विभाग द्वारा कराई गई प्रारंभिक जांच में प्रधान पाठक को स्कूल की बच्चियों को बैड टच करने का दोषी पाया है। इसी आधार पर उनका निलंबन हुआ है। इधर शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई के बाद भी यह मामला अभी तक थाना नहीं पहुंचा है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है, लेकिन कोई भी शिकायत या रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं आया है। ऐसे में कार्रवाई कैसे करें।




### 3 बच्चियों के साथ बैड टच का आरोप

चीचा गांव के लोगों ने शासकीय प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक जयप्रकाश साहू पर स्कूल में पढ़ने वाली तीन बच्चियों को बैड टच करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत ब्लॉक शिक्षा विभाग के अफसरों से की थी। शिकायत कर्ताओं में बच्चियों के परिजन भी शामिल है। इस शिकायत की गंभीरता को देखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने परसदा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य राम बंडारू के माध्यम से इसकी जांच कराई। इस जांच में शिकायत सही पाई गई। प्रधान पाठक जयप्रकाश बच्चियों को बैड टच करता था। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने प्रधान पाठक को निलंबन करने की अनुशंसा की थी। इस प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे नियम 1966 के नियम-9-1 के एक, दो एवं तीन का उल्लंघन मानते हुए उसे तत्काल निलंबित कर दिया है।

### रात में हल्की ठंड बरकरार

# शहर का पारा सबसे ज्यादा बड़ा बदलाव अभी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में राजधानी के अधिकतम तापमान ने अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। दिन में गर्मी और रात में हल्की ठंड के मौसम में अभी बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। राज्य में दिन का अधिकतम तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है और दोपहर की गर्मी असर भी दिखा रही है। आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद फिलहाल कम है, इसलिए रात में ठंड का असर अभी बने रहने की संभावना है। जनवरी के अंतिम दिनों से शुरू हुआ पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी भी मौसम को प्रभावित किए हुए है।



इसके असर न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी और जाते ही गिरावट की वजह से ठंड का अनुभव बढ़ रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी रात और सुबह के वक्त ठंड महसूस हो रही है।

### एक फेरे की विशेष ट्रेन, 2 मार्च दुर्ग से रवाना होकर 3 को लौटेगी

# होली मनाने बिहार जाने वालों के लिए तीसरी स्पेशल ट्रेन, दुर्ग-मधुबनी के बीच चलेगी

*इसी अवधि में गोंदिया-छपरा-गोंदिया के बीच भी दौड़ेगी दो ट्रेन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

होली मनाने बिहार जाने वालों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने तीसरी विशेष ट्रेन की घोषणा कर दी है। दुर्ग और मधुबनी के बीच होली स्पेशल 2 से 3 मार्च के बीच एक फेरे लगाएगी। इसके अलावा गोंदिया-छपरा-गोंदिया के बीच दो अन्य ट्रेनों की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। बिहार जाने वाले इन ट्रेनों के जरिए यात्रियों में सफर के दौरान सीट नहीं मिलने का टेंशन भी कम होगा। होली का त्योहार मनाने बड़ी संख्या में लोग घर लौटते हैं। इनमें यूपी-बिहार के लोगों की संख्या अधिक होती है। छत्तीसगढ़ से भी उन राज्यों के लिए काफी लोग सफर करते हैं। ट्रेनों में होने ▶▶ शेष पेज 13 पर



### राजिम कुंभ, 6 ट्रेन दौड़ रही

राजिम में आयोजित कुंभ मेला 2026 में शामिल होने वालों के लिए रेलवे ने 2 स्पेशल समेत 6 ट्रेनों की व्यवस्था की है। 15 फरवरी तक रायपुर से 11.55 तथा 2.30 बजे और वापसी के लिए दोपहर 2.00 और रात 8.30 बजे ट्रेन उपलब्ध है। राजिम मेला के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा "रेल वन ऐप" के प्रचार हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस एप के माध्यम से यात्री टिकट बुकिंग, ट्रेन की लाइव स्थिति, पीएनआर स्टेटस, शिकायत निवारण, रेल मदद, स्टेशन सुविधाएँ एवं अन्य महत्वपूर्ण रेलवे सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर प्राप्त कर सकते हैं।

### 23 स्टेशनों में स्टापेज

गोंदिया-छपरा-गोंदिया के बीच चलने वाली होली स्पेशल आवाजाही के दौरान, रायपुर, दुर्ग समेत 23 स्टेशनों में स्टापेज लेगी। यह ट्रेन 1 और 2 मार्च को गोंदिया से शाम 5 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग के बाद रात 8.05 बजे रायपुर पहुंचकर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, चुनार, वाराणसी, जौनपुर, केराकत, ओड़िहार, जंक्शन, गाजीपुर, बलिया, रेवती, बकुलहा होते हुए छपरा पहुंचेगी। 3 और 4 मार्च को छपरा से सुबह 4.45 बजे रवाना होकर उसी रुट से दूसरे दिस सुबह 7.15 बजे रायपुर पहुंचकर आगे रवाना होगी।

**खबर संक्षेप**

### सहयोग केन्द्र में डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मिले कार्यकर्ता

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में सहयोग केन्द्र में बुधवार को उप मुख्यमंत्री विजय



शर्मा ने कार्यकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा, सहयोग केन्द्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं के आ रहे आवेदनों को तत्काल संबंधित विभाग को भेजा गया है। वहीं बहुत-से आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। आज सहयोग केन्द्र में 250 से अधिक विषयों से संबंधित 162 आवेदन प्राप्त हुए इस दौरान 500 कार्यकर्ता सहयोग केन्द्र में अलग-अलग विषय लेकर पहुँचे।

### देश संविधान से चलेगा- राज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने मुस्लिम समाज से आह्वान किया कि वे आगे आएं, देश के संविधान का पालन करें और समान नागरिक संहिता का समर्थन करें, ताकि समाज समानता और विकास की राह पर आगे बढ़ सके। देश संविधान से चलेगा, न कि शरीयत कानून से, और यही भारत की असली ताकत है।

# मंडी में इस बार व्यापारियों ने धान की 1900 से 2600 प्रति क्विंटल तक लगाई बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में चालू वर्ष में जहां समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से उपार्जन केंद्रों में 66 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई है, वहीं दूसरी ओर तुलसी-बाराडेरा स्थित कृषि उपज मंडी समिति रायपुर में अपंजीकृत किसानों से 40 हजार क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है। मंडी में इस बार व्यापारियों ने धान की बोली क्वालिटी के अनुसार न्यूनतम 1900 रुपए से लेकर अधिक 2600 रुपए तक लगाई गई है। सबसे अधिक कीमत पर पतला धान बिका है, वहीं न्यूनतम कीमत में कामन महामाया धान की बिक्री हुई है।



### 979 किसानों ने बेचा धान

कृषि उपज मंडी समिति के सचिव प्रदीप शुक्ला ने बताया कि जिले में अक्टूबर 2025 से लेकर जनवरी 2026 तक कुल 979 किसानों ने अपना धान मंडी में लाकर बेचा है। इन किसानों से 40353 क्विंटल धान की बोली लगाकर खरीदा गया है। खरीदी के दौरान धान की नमी को भी मापा गया। इसके आधार पर ही धान की बोली लगाई गई है। धान में महामाया, सरना, 1010, 1001, आर.बी. गोल्ड, बी.पी.टी. एवं एच.एम.टी. भी खरीदा गया है। इसमें धान कामन महामाया न्यूनतम 1900 से अधिकतम 26 क्विंटल, प्रति क्विंटल, सरना न्यूनतम 2100 से अधिकतम 2300 रुपए, तथा पतला धान न्यूनतम 2400 रुपए से लेकर अधिकतम 2600 रुपए तक बोली लगी है।

### पिछले वर्ष की तुलना में धान की बिक्री घटी

जनवरी माह तक की स्थिति में मंडी में पिछले वर्ष कुल 84407 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी, जबकि पिछले वर्ष 2024-25 में अब तक 40353 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में कामन धान 56678.20 क्विंटल कम तथा धान ग्रेड-ए 2595 क्विंटल अधिक खरीदी हुई है।

### टोकन कटना बंद, छूटे किसान भी पहुंच रहे मंडी

समर्थन मूल्य पर उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए टोकन कटना अब बंद हो गया है। सूत्रों से पता चला कि कई पंजीकृत किसान शासन को अपना धान बेच नहीं पाए हैं। ऑनलाइन पोर्टल में रकबा कम दिखाने के कारण वे पूरा धान बेच नहीं पाए हैं। ऐसे किसान भी अब अपना बचा धान मंडी में जाकर बेच रहे हैं। हालांकि मंडी के अफसर इस तरह के किसान मंडी पहुंचे हैं, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होने की बात कही जा रही है।

# दूसरे प्रदेशों की शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी विभाग की सचिव सह आबकारी आयुक्त आर. शंगीता ने बुधवार को नवा रायपुर स्थित कार्यालय में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और आगामी महीनों के लिए जिलेवार विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी जिलों, उड़नदस्ता, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अन्य राज्यों से आकर यहां बिकने वाली अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाएं।

### ग्राहकों की मांग के अनुरूप रखें शराब के ब्रांड

सचिव सह आबकारी आयुक्त आर शंगीता ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मदिरा दुकानों में उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार मदिरा का स्टॉक करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया किया मदिरा दुकानों में उपभोक्ताओं के मांग के अनुरूप मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री न हो। उन्होंने अधिकारियों को मदिरा दुकानों में नियम और अनुशासन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। दुकानों में उपलब्ध मदिरा को नियमानुसार दरों सहित रैकों में प्रदर्शित करने कहा गया, ताकि उपभोक्ताओं को पारदर्शिता और सुविधा मिल सके।



### राजस्व प्राप्ति पर जोर

बैठक में राजस्व लक्ष्य की जिलेवार समीक्षा करते हुए जिन जिलों ने जनवरी माह तक लक्ष्य की प्राप्ति की है, उन्हें सतत कार्य जारी रखने के निर्देश दिए गए। वहीं लक्ष्य से पीछे चल रहे जिलों को इसके कारणों की दुकानवार समीक्षा कर कमी की पूर्ति के लिए विस्तृत कार्य-योजना बनाकर तत्परता से अमल में लाने के निर्देश दिए गए।

### अन्य राज्यों की शराब के लिए चलाएं अभियान

राज्य की अंतरराज्यीय सीमाओं पर स्थित आबकारी जांच चौकियों को अन्य राज्यों की मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने और सीसीटीवी कैमरों के सुचारू संचालन की निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

### *शराब में न हो मिलावट*

*बैठक में अधिकारियों को इस बात की स्पष्ट हिदायत दी कि मदिरा में किसी प्रकार की मिलावट न होने पाए। इसके लिए सभी जिला अधिकारी सप्ताह में कम से कम दो दिन आकस्मिक निरीक्षण करने और वहां पाई गई अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई और दोषी कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, दुकानों में पेटीएम या अन्य कैशलेस भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पृथक काउंटर की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए।*






**मानहानि पर भूपेश का पलटवार**

# कहा- केस नहीं, जांच कराएं हिमंता से 12,000 बीघा जमीन पर जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

असम सीएम हिमंता बिस्वा शर्मा की ओर से कांग्रेस नेताओं पर ठोके गए 500 करोड़ के मानहानि मुकदमे के बाद अब सियासत शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीधे हिमंता बिस्वा शर्मा को



कठघरे में खड़ा करते हुए सवाल पूछा कि अदालत जाने से पहले उन्हें अपने ऊपर लगे गंभीर आरोपों का जवाब देना चाहिए था। उन्होंने कहा, डराने के लिए केस नहीं करना चाहिए, हिम्मत है तो जांच कराएं।

भूपेश बघेल ने कहा, सांसद गौरव गोगोई ने जो सवाल उठाया है, वह पूरी तरह जायज़ है। उन्होंने कहा, हिमंता बिस्वा सरमा को पहले यह बताना चाहिए कि क्या 12,000 बीघा जमीन पर अतिक्रमण है या नहीं? यही सवाल गौरव गोगोई ने उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सच्चाई सामने आने के डर से मानहानि का मुकदमा दायर किया गया है।

### केस दर्ज करना आसान, जांच से क्यों डर

श्री बघेल ने हिमंता शर्मा पर हमला करते हुए कहा, अगर उनके दामन पर एक भी दाग नहीं है, तो उन्हें अदालत नहीं, बल्कि स्वतंत्र समिति बनाकर संपत्तियों की जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा, केस दर्ज करने के बजाय समिति बनानी चाहिए थी। अगर उनमें हिम्मत है तो जांच कराएं और सच्चाई जनता के सामने लाएं।

### डराने की राजनीति नहीं चलेगी

भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस कानूनी नोटिसों से डरने वाली नहीं है। उनका कहना है कि जनता के सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है, और अगर सवाल गलत हैं तो जांच में सब साफ हो जाएगा।

**सार्वजनिक स्थलों का व्यवसायीकरण कर रही भाजपा- मेनन**

# मरीन ड्राइव में अवैध पार्किंग कांग्रेस ने प्रदर्शन कर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मरीन ड्राइव स्थित तेलीबांधा तालाब क्षेत्र में की जा रही अवैध पार्किंग के खिलाफ बुधवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान तालाब के चारों ओर पदयात्रा कर अपना विरोध प्रकट किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार एवं नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अवैध पार्किंग को तत्काल बंद करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा, तेलीबांधा तालाब स्थित मरीन ड्राइव क्षेत्र आम नागरिकों के स्वास्थ्य, पर्यावरण और सार्वजनिक उपयोग से जुड़ा हुआ है, लेकिन निगम प्रशासन द्वारा इसे अवैध रूप से पार्किंग स्थल बनाकर आम जनता से जबरन वसूली की जा रही है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, भाजपा सरकार और नगर निगम प्रशासन जनहित को नजरअंदाज कर सार्वजनिक स्थलों का व्यावसायीकरण कर रहा हैं।

### पार्किंग वसूली को नेता प्रतिपक्ष ने ठहराया अवैध



नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव वाली सड़क पर पार्किंग शुल्क वसूली को अवैध करार दिया है। उन्होंने कहा बिना एमआईसी में प्रस्ताव पारित किए पार्किंग शुल्क वसूली का निर्णय तानाशाही दर्शाने वाला निर्णय है। महापौर मीनल चौबे पर तंज कसते हुए आकाश तिवारी ने कहा कि नगर निगम एक्ट के अनुसार कोई भी नीतिगत निर्णय एमआईसी में प्रस्ताव लाए बिना नहीं लिया जा सकता। यह देश की पहली ऐसी सड़क होगी, जहां लोगों से सड़क पर पार्किंग बनाकर शुल्क वसूली की जा रही है।




# मौदहापारा से एमजी रोड तक सड़क पर सामान रखकर कब्जा

## 12 ट्रक से ज्यादा सामान जब्त, 40 से अधिक दुकानदारों पर जुर्माना



### एक्शन मोड में टीम प्रहरी, 8 से अधिक कंडम वाहन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के व्यस्त मार्गों की सड़क पर सामान रखकर कब्जा करने वालों पर निगम ने बुधवार को ताबड़तोड़ अभियान चलाते हुए 12 ट्रक से अधिक सामान जब्त कर लिया। 40 से अधिक दुकानदारों से सड़क पर बेजा कब्जा कर आवागमन बाधित करने पर 80 हजार रुपए का ई जुर्माना वसूला गया।

टीम प्रहरी ने जयस्तंभ चौक से मौदहापारा स्थित केके मार्ग, पिथालिया व्यावसायिक परिसर, एमजी रोड में अभियान चलाकर सड़क को सुगम आवागमन के लिए अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान बाजार मार्ग की सड़क पर रखे 8 कंडम वाहन जब्त किए गए।



रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेश और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर टीम प्रहरी ने पुलिस बल मौजूदगी में शहर के प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण से मुक्त कराने अभियान चलाया। नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता, जोन 2 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा अभियान के अंतर्गत 40 से अधिक दुकानों के संचालकों पर सड़क पर सामान रखकर कब्जा करने पर 80 हजार रुपए का ई जुर्माना वसूला गया। करीब 120 दुकानों से दुकानों के सामने सड़क पर कब्जा जमाकर रखे गए 12 ट्रक सामान को व्यवस्था सुधार के लिए कड़ाई बरतते हुए सड़क से जब्त कर लिया गया।

## खबर संक्षेप



### ईश्वरी बने छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज के अध्यक्ष

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित सामुदायिक भवन में विगत दिनों छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज की वार्षिक महासभा हुई। महासभा में समाज के नए पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मतदान किया। परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर धमधा राज के ईश्वरी मानस निर्वाचित हुए। सचिव पद के लिए दुर्ग राज के संजय बनवासी तथा कोषाध्यक्ष पद पर महासमुंद राज के मिथलेश बोयर विजयी घोषित किए गए। समाज के वरिष्ठजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाजहित में निष्ठा, पारदर्शिता एवं विकासोन्मुख कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम समाज को एकजुट रखते हुए संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी।

## निधन

### कांता देवी वाधवा



**रायपुर।** तेलीबांधा निवासी कांता देवी वाधवा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 फरवरी को तेली बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश वाधवा, राकेश वाधवा की माता थीं।

### टीवी पिल्ले



**रायपुर।** न्यू शांति नगर निवासी रिटायर प्रोफेसर टीवी पिल्ले (91) का 11 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व डीजी संजय पिल्ले के पिता थे।

आरक्षित वर्ग के -40 नंबर वाले भी माने गए हैं पात्र, सूची के आधार पर होगा आवंटन

# एमडी-एमएस का मॉपअप राउंड, माइनस 2 अंक वाले को मिली मेरिट लिस्ट में जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने भले ही आरक्षित वर्ग में माइनस 40 नंबर वाले को मेडिकल पीजी के लिए पात्र कर दिया हो, मगर स्टेट कोटे मॉपअप राउंड में अंकों की गिरावट -2 से नीचे नहीं हुई है।

बुधवार को जारी की गई मेरिट लिस्ट में 6814वें स्थान पर इसी अंक वाले को जगह दी गई है। मेरिट लिस्ट की शुरुआत 577 नीट स्कोर और बोनस मार्क्स के साथ हुई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने कटऑफ में की गई कमी के आधार पर नया आवेदन और संस्था चयन की प्रक्रिया के बाद मेरिट सूची का प्रकाशन कर दिया है। जारी की गई मेरिट सूची में कुल 681 लोगों को शामिल किया गया है, जिसमें सबसे अंतिम अंक यानी माइनस 2 स्कोर के छात्र को स्थान मिला है। इसके अलावा दस ऐसे विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में शामिल हैं, जिनका नीट स्कोर 100 से कम है। वहीं 100 अभ्यर्थियों का स्कोर 100 से 200 के बीच है। 158 लोग 300 अंकों के साथ मेरिट लिस्ट में शामिल हुए हैं और 180 लोगों ने 400 और 247 ने इससे ज्यादा अंक अर्जित किया है। जारी मेरिट लिस्ट के आधार पर सीटों का आवंटन किया जाएगा। अभी राज्य में शासकीय और निजी कालेजों में ओपन कोटे की कुल 245 सीट बाकी है। मॉपअप राउंड के दौरान आवंटित सीट पर एडमिशन लेना अनिवार्य होगा और अन्यथा उनकी पंजीयन राशि जब्त कर ली जाएगी। एडमिशन की प्रक्रिया माह के अंतिम दिनों तक पूरी कर ली जाएगी।

# धान का धीमा उठाव से सूखत की चिंता में सूख रहे सोसाइटी प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के बाद अब उठाव किया जा रहा है, लेकिन कई उपार्जन केंद्रों में धाव उठाव की सुस्त गति ने प्रबंधकों की चिंता बढ़ा दी है। उपार्जन केंद्रों में धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। तेज धूप के कारण धान में सूखत आएगा, जिसके कारण इसका वजन घटेगा। इससे उपार्जन केंद्रों के प्रबंधकों को नुकसान होगा, क्योंकि धान का उठाव दोबारा वजन कर किया जाता है। यहीं कारण है कि प्रबंधक भी अब जल्द से जल्द धान का उठाव कराना चाहते हैं, ताकि सूखत कम होने से उन्हें नुकसान भी कम हो। इधर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि धान खरीदी के एवज में 50 प्रतिशत से ज्यादा धान का उठाव हो चुका है, वहीं निर्धारित तारीख तक शेष धान का उठाव भी करा लिया जाएगा।



### 66.62 लाख क्विंटल धान की खरीदी

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में चालू सीजन में समर्थन मूल्य पर कुल 66 लाख 62 हजार 344 क्विंटल धान की खरीदी उपार्जन केंद्रों के माध्यम से की गई है। धान की खरीदी के सप्ताहभर बाद से ही धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया था, जो अब तक जारी है। जिले में 137 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 130776 किसानों से धान की खरीदी हुई है।

### कई उपार्जन केंद्रों में 25 से 30 प्रतिशत ही उठ पाया धान

जिले में उपार्जन केंद्रों से 50 प्रतिशत से अधिक धान उठाव हो चुका है। ऐसी जानकारी अफसरों द्वारा दी जा रही है, लेकिन ऐसे भी कई उपार्जन केंद्र हैं, जहां अब तक 25 से 30 प्रतिशत धान का उठाव हो पाया है। इसके कारण इन उपार्जन केंद्रों के प्रबंधकों की तेज धूप से धान के सूखत पड़ने की चिंता सताने लगी है।

### पीएससी ने मांगे सह-लेखक सुविधा के लिए आवेदन

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग ने सह-लेखक सुविधा के लिए आवेदन मांगे हैं। सीजी पीएससी मुख्य सेवा परीक्षा-2025 के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी को करेगा। ऐसे अभ्यर्थी जो दिव्यांग हैं, वे राइटर की सुविधा के लिए परीक्षा तिथि के पांच दिवस पूर्व तक आवेदन कर सकेंगे। पात्रता शर्तों सहित विस्तृत दिशा-निर्देश पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### युकां राष्ट्रीयाध्यक्ष छग दौर पर

**रायपुर।** यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब एवं राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा आज छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले युवा महापंचायत में हिस्सा लेंगे। प्रदेश भर से आए युवाओं के साथ चिंतन-मनन एवं संवाद कार्यक्रम इस दौरान आयोजित होगा।

## पेज 11 के शेष

### भाठागांव में सड़क का...

का दुकान में बैठना दूभर हो गया है। ग्राहक दुकान के सामने गड्ढे और धूल तथा मिट्टी की वजह से खरीदारी करने से बिदक रहे, इससे दुकानदारों का धंधा चौपट हुआ है। नगर निगम रायपुर की नरेश एंड कंपनी को इस कार्य का ठेका दिया है।

### दुकान के सामने 15 दिन से...

भर दुकान में जमा हो रही है कि ग्राहक इस रोड में आना नहीं चाहते। वार्ड पार्षद को परेशानी बताई तो कहने लगे अच्छी सड़क बनने में समय लगता है। महापौर स्थल निरीक्षण करने आई तो ठेकेदार की गलती बताकर चली गई। हम गरीब दुकानदारों की कोई सुनता ही नहीं है। दिल्ली, मुंबई में जब रातों-रात सड़क बन सकती है, तो अपने रायपुर में 1 साल मे एक सड़क नही बन सकती ? 12 साल से यहां मेडिकल स्टोर चलाता हूं। हालत ये है, सभी लोग धूल से परेशान हैं। इससे खांसी और सांस फूलने की शिकायत भी लोगों को होने लगी है। इस ओर निगम प्रशासन को तत्काल ध्यान देना चाहिए।

### एक साल में सड़क बनना ...

परेशान है। 24 घंटे धूल-मिट्टी से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी 30 जनवरी को यहां आए थे तब उन्होंने निगम के अधिकारी को 15 दिन में एक साइड की सड़क निर्माण पूरा कराने अल्टीमेटम दिया। फटकार के बाद भी स्थिति जस के तस है। अब विधायक क्या कार्रवाई करते है, ये देखना है? यदि पखवाड़े भर में गड्ढा पाटकर निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो वार्डवासी उग्र आंदोलन करेंगे।

### नकली दवा कारोबार में ...

इस दौरान आशंका जताई गई थी कि यह मीटिंग नकली दवाई की जांच को प्रभावित करने वाली थी। इसके साथ ही मामले में लेनदेन के आरोप भी लगे थे। इस मामले की जांच के बाद सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर संजय नेताम को निलंबित करने का आदेश भी जारी कर दिया गया। प्रकरण से जुड़े कुछ अन्य अधिकारियों पर भी आने वाले दिनों में कार्रवाई होने की संभावना है। निलंबन के बाद संजय नेताम को नवा रायपुर के संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यालय में अटैच किया गया है।

### होली मनाने बिहार जाने वालों...

वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन विभिन्न रूट पर ट्रेन चला रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ से संचालित होने वाली तीन होली स्पेशल शामिल हैं। एक ट्रेन दुर्ग से मधुबनी (बिहार) के लिए 2 मार्च को रवाना होगी। 2 एसी थ्री और 9 स्लीपर कोच समेत 18 डिब्बे वाली यह ट्रेन 3 मार्च को मधुबनी से वापस रवाना होगी। यह ट्रेन दुर्ग से रात 12.30 बजे रवाना होकर 1.20 बजे रायपुर पहुंचेगी और चांपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बोकारो, चंद्रपुरा, कतरासगढ़, धनबाद, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, क्यूल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा, सकरी होते हुए 2 मार्च को सुबह 4.45 बजे मधुबनी पहुंचेगी। वापसी के दौरान ट्रेन सुबह 6.15 बजे वहां से रवाना होकर उसी रुट में होते हुए दूसरे दिन सुबह 11.40 बजे रायपुर और 12.45 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इसी तरह गोंदिया-छपरा-गोंदिया के बीच 1, 2, 3, 4 मार्च को ट्रेन का संचालन किया जाएगा।

## बिजनेस साइट

### छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर जमीन की गाइडलाइन दरों के पुनर्मूल्यांकन एवं उसमें रियायत प्रदान करने के निर्णय पर आभार व्यक्त किया। अमित साहू के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य सरकार के इस फैसले से रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति मिलेगी और आम नागरिकों को संपत्ति क्रय-विक्रय में राहत मिलेगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र आहूजा, सचिव दीपक रहेजा, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विजय पिंजानी ने निर्णय का स्वागत किया। इस अवसर पर अजय अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, मुलकराज शर्मा, रजत चावड़ा, विलास सुतार, विनोद छितिजा, विजय मोटवानी, सनी सेवलानी तथा गौरव खेतपाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आधुनिक उपचार सुविधाएं, 24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध

**रायपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते हुए निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पिछले चार वर्षों से क्षेत्रवासियों को समर्पित सेवाएं प्रदान कर रहा है। आधुनिक उपकरणों, अनुभवी चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्टाफ के साथ अस्पताल ने भरोसेमंद उपचार का केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अस्पताल में मेडिसिन, हड्डी रोग, यूरोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, हृदय रोग, छाती रोग, न्यूरोलॉजी और जनरल सर्जरी सहित कई विभाग संचालित हैं। यहां दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, टीकाकरण, ईसीजी, ईको, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे और सोनोग्राफी जैसी जांच सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। 24 घंटे आपातकालीन सेवा और एंबुलेंस सुविधा के साथ मरीजों को त्वरित उपचार दिया जाता है। अस्पताल में निशुल्क ओपीडी सेवा भी संचालित है। डॉ. एल.के. निरंकार एवं डॉ. गोविंद पाल (एमबीबीएस, एमडी) अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। प्रबंधन ने नागरिकों से समय पर जांच और उपचार कराने की अपील की है।

### आईएलएस हॉस्पिटल्स : आईवीयूएस तकनीक से 68 वर्षीय मरीज को मिला नया जीवन



**रायपुर।** हृदय रोगों के उपचार में आधुनिक तकनीक नई उम्मीदें जगा रही है। आईएलएस हॉस्पिटल्स, रायपुर में आईवीयूएस (इंट्रावेस्कुलर अल्ट्रासाउंड) गाइडेड एंजियोप्लास्टी के माध्यम से जबलपुर निवासी 68 वर्षीय मरीज का सफल उपचार किया गया। मरीज लंबे समय से सीने में दर्द और अनियंत्रित डायबिटीज से परेशान थे, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही थी। परिजनों की सलाह पर उन्होंने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुनाल ओस्तवाल से संपर्क किया। जांच में पता चला कि मरीज को हल्का हार्ट अटैक आया था तथा लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी और एलएडी में गंभीर ब्लॉकेज था। आईवीयूएस जांच में 360 डिग्री तक कैल्शियम जमाव की पुष्टि हुई, जिससे पारंपरिक एंजियोप्लास्टी चुनौतीपूर्ण थी। विशेषज्ञ टीम ने सटीक तकनीक से स्टेंट प्रत्यारोपित कर रक्त प्रवाह बहाल किया। सफल उपचार के बाद मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए। अस्पताल में अब अत्याधुनिक आईवीयूएस आधारित उपचार सुविधा उपलब्ध है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एमओयू

**रायपुर।** भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए विशेष सैलरी पैकेज उपलब्ध कराने हेतु एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर छत्तीसगढ़ सरकार की विशेष सचिव (वित्त) शीतल शाश्वत वर्मा और बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल के महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख किसलय प्रसाद भी उपस्थित रहे।



इस कस्टमाइज्ड सैलरी पैकेज के तहत कर्मचारियों को 2 करोड़ रुपये तक का कुल दुर्घटना बीमा और 12 लाख रुपये तक का जीवन बीमा कवर मिलेगा। ड्यूटी के दौरान दुर्घटना पर अतिरिक्त 25 लाख रुपये तक का लाभ दिया जाएगा। साथ ही, होम, ऑटो, एजुकेशन और पर्सनल लोन पर रियायतें, ओवरड्राफ्ट सुविधा तथा डेबिट-क्रेडिट कार्ड, डीमैट, लॉकर रेंट में छूट सहित कई बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

### पशु चिकित्सा अधिकारी निलंबित

रायपुर। पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी, मोहला डॉ. चन्द्रशेखर अम्बुलकर को निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने तथा बिना सूचना समीक्षा बैठकों एवं मुख्यालय से गायब रहने के कारण की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला राजनांदगांव निर्धारित किया गया है।

### आनंद मार्ग आश्रम में नीलकंठ दिवस आज

रायपुर। आनंद मार्ग प्रचारक संघ द्वारा बैरन बाजार स्थित आनंद मार्ग आश्रम में 12 फरवरी को नीलकंठ दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर 3 घंटे का अखंड कीर्तन और नारायण सेवा का आयोजन किया जाएगा, इस दौरान लोगों के बीच प्रसाद वितरण का भी आयोजन होगा। यह जानकारी डायलिसिस सेक्रेटरी आचार्य अर्पितानंद अवधूत ने देते हुए बताया कि आध्यात्मिक एवं सामाजिक आर्थिक दर्शन के प्रणेता प्रभात रंजन सरकार (श्रीश्री आनंदमूर्ति जी) को 1973 में पटना बिहार के बांकीपुर केंद्रीय जेल में विष (धीमा जहर) दिए जाने के बाद जीवित बचने और विष को नीलकंठ की भांति धारण कर विश्व कल्याण के लिए दिए गए दर्शन की स्मृति में हर साल 12 फरवरी को दुनिया के आनंद मार्गी नीलकंठ दिवस के रूप में मनाते हैं। उनकी जीत न केवल एक व्यक्तिगत कानूनी जीत थी, बल्कि इसे नागरिक अधिकारियों और धार्मिक स्वतंत्रता की जीत के रुप में भी देखा गया।

प्ररूप- (एक)
समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं पीयूष ( PIYUSH ) पिता पी एल दीन (P L DIN) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है ) गाँव / शहर उमा निवास मकान नं.-11, दुबे कालोनी ऑप अरिहन्त हॉस्पिटल मोवा सड्डू तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग. ) ने अपना नाम पीयूष (PIYUSH) पिता पी एल दीन (P L DIN) (पुराना नाम) से बदल कर पीयूष दीन (PIYUSH DIN) पिता स्व. प्यारे लाल दीन (Late PYARE LAL DIN) (नया नाम ) रख लिया है।

हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
पीयूष

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता,आदेश 5 नियम 1 और 5)
क्लेम प्रकरण क्रमांक- 352/2025
प्रोसेस क्र.- 96/2026, पेशी दिनांक- 24/03/2026
न्यायालय- (दीपक कुमार कोशले) पंचम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक - मुन्ना कुमार
अनावेदक- हरविन्दर सिंह वगै.

बनाम- हरविन्दर सिंह आ. रवेल सिंह, उम्र-30 वर्ष, निवासी- (1) L I.G.- 908, वीरसावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर, थाना- कबीर नगर, जिला- रायपुर, (छ. ग.) पिन - 492099, (2) M. I. G.- 59, वीरसावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर, थाना- कबीर नगर, जिला- रायपुर, (छ.ग.) पिन - 492099

क्योंकि वादी/आवेदक/ अपीलार्थी ने आपके विरूद्ध रकम की वसूली रु. 93,53, 000/- राशि वसूली का वाद प्रस्तुत किया है आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनाँक 24/03/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

यदि किसी कारण वश पेशी तारीख 24/03/2026 को अवकाश घोषित हो जाने पर उसकी सुनवाई आगामी कार्य दिवस (Next Working Day) पर की जायगी। नोट- उक्त समंस के साथ वाद पत्र की छायाप्रति पृथक से संलग्न है।

आज दिनांक 05/02/2026 को न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

जज
( दीपक कुमार कोशले )
पंचम अपर दुर्घटना दावा अधिकरण जिला- दुर्ग (छ.ग.)

:: आम सूचना ::
क्रमांक :Q दिनांक 11/02/2026

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा विभा जैन पिता-डॉ. गौतम जैन निवासी- एल.आई.जी. 16, इन्द्रावती कॉलोनी, रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 589 रकबा 0.1980 हेक्टेयर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के समक्ष प्रस्तुत की है। जिसके अनुसार न्यायालय रायपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक /क/ वाचक/ अतिरिक्त तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 12/01/2026 के परिपालन में ऊपर वर्णित भूमिस्वामी की वर्णित भूमि का सीमांकन दिनांक 18/02/2026 को किया जाना सुनिश्चित है। अतएव उक्त भूमि के सभी सहभूमिस्वामी एवं आसपास के भूमिस्वामी को इस आम सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को सूर्योदय एवं सूर्यास्त के बीच ऊपर वर्णित खसरा नंबर के संबंध में दावा या आपत्ति हो तो उक्त स्थल पर उपस्थित होकर सीमांकन की कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें एवं किसी भी प्रकार की आपत्ति/ दावा ऊपर वर्णित तिथि के पश्चात मान्य नहीं होगी।

भवदीय
शशि कुमार पाण्डेय (अधिवक्ता)
मो.नं. 98261-76171

भावपूर्ण श्रद्धांजली



डां.योगेश नायक
जन्म-14-02-1983 निर्वाण-03-02-2026
दशगात्र
दिनांक-12-02-2026 गुरूवार
नगर पंचायत चंदखुरी फार्म,मंदिर हसौद
शोकाकुल परिवार
डां. बी.आर.नायक (पिता) रुपेश नायक (भाई)
91 98268 81991 91 9827113114
Gitesh Stu.
विनीत:- जय बाबा बर्फानी ग्रुप एवं मित्र मण्डली

शोक संदेश



स्व. देवकुमार साहू

अत्यंत दुख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि मेरे भांजे देव कुमार साहू का निधन दिनांक 09/02/2026 दिन सोमवार को हो गया है जिसका दशगात्र का कार्यक्रम निज निवास ग्राम भैंसा (खरोरा) में दिनांक 13/02/2026 दिन शुक्रवार को रखा गया है

अतः आप सभी उपरोक्त तिथि पर पधार कर स्वर्गीय पुण्यात्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान करने की कृपा करें।

शोकाकुल परिवार
स्व. जनकराम साहू (नाना), गिरिजा बाई साहू (नानी)
सुरेश साहू (मामा), महेन्द्र कुमार साहू (मामा

विनीत
टामन लाल साहू (मामा)
मो.नं. 9753669123
9009675790

## खबर संक्षेप

### अरपा महोत्सव में शामिल हुए विधायक अनुज शर्मा

सिलयारी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के प्रवास के दौरान प्रसिद्ध 'अरपा महोत्सव 2026' में शिरकत की। साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकप्रिय विधायक अनुज शर्मा भी उपस्थित रहे। इस अवसर सीएम ने जिलेवासियों को 100.38 करोड़ रुपये की लागत वाले कुल 113 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।। महोत्सव का सबसे भावनात्मक क्षण वह रहा, जब मुख्यमंत्री और विधायक श्री अनुज शर्मा 300 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम के साक्षी बने। इस अवसर पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने पेंड्रा की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अरपा महोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी पहचान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हम अपनी जड़ों को सहेजते हुए आधुनिक छत्तीसगढ़ के निर्माण की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं।

### सुरता संगवारी कार्यक्रम में पूर्व छात्रों का हुआ मिलन

अभनपुर। पीएमश्री सेजेस खोरपा में सुरता संगवारी कार्यक्रम के तहत वर्ष 1980 से 1995 तक के पूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर उस अवधि के गुरुजनों को भी आमंत्रित कर शाला परिवार एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामसिंग साहू द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की घंटी एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात इस अवधि के दिवंगत शिक्षक एवं विद्यार्थियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्कूल प्रांगण में आयोजित यह पहला ऐसा भव्य समारोह था, जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीण जनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य श्रीमती सुनीता सिसोदिया ने दिया। पूर्व शिक्षकों के.आर. साहू, श्रीराम साहू, बी.आर. साहू, पी.एन. पाठक एवं आर.एल. चतुर्वेदानी ने अपने शिक्षकीय अनुभव साझा करते हुए उस दौर की चुनौतियों और संस्मरणों पर प्रकाश डाला। पूर्व विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव एवं उपलब्धियों को साझा कर विद्यालय से जुड़ी यादों को ताजा किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन धीवर, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत नामदेव,श्रीमती जामबाई साहू सहित शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामसिंग साहू एवं सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का सफल संचालन हेमंत कुमार वर्मा एवं श्रीमती निशा नैय्यर ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन श्रीमती सोमा बनिक द्वारा किया गया।

## निधन

### रमेश कुमार कन्नौजे



आरंग। ग्राम फरफौद निवासी 53 वर्षीय रमेश कुमार कन्नौजे का विगत दिनों निधन हो गया। वह महावीर कन्नौजे के भाई एवं यमन, लक्ष्य के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए।

# युवा प्रदेश के विकास के असली सारथी, बजट भविष्य का रोडमैप: अनुज शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 'युवा संवादः बजट पे चर्चा' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दौरान धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राज्य का बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं होता, बल्कि वह भविष्य के विकास का रोडमैप होता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य युवाओं को केवल रोजगार पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है।

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने युवाओं से सीधा संवाद करते हुए बजट की बारीकियों और अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज का युवा जागरूक है और उसे पता है कि राज्य की प्रगति में उसकी भूमिका क्या है। सरकार अपनी नीतियां बना रही है, लेकिन उन नीतियों में रंग भरने का असली काम प्रदेश के युवाओं को ही करना है। आप केवल आने वाले कल का भविष्य नहीं हैं, बल्कि आज के सारथी हैं।

श्री शर्मा ने नवाचार और स्टार्टअप्स पर जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को अब वैश्विक मंच पर चमकने से कोई नहीं रोक सकता। तकनीकी शिक्षा को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा रहा है और बजट में स्टार्टअप्स के लिए दी गई सुविधाओं का लाभ युवाओं को उठाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साझा करते हुए बताया कि कैसे शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर निवेश युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

### यूनिवर्सिटी में युवा संवाद पर बजट पे चर्चा



#### ये रहे उपस्थित

संवाद के दौरान छात्रों ने शिक्षा, कौशल विकास और स्टार्टअप फंड को लेकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विधायक ने सरल ढंग से समाधान किया। इस अवसर पर मंत्री खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अमर अग्रवाल, पुरंदर मिश्रा, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, इंद्र कुमार साहू, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरीहा और जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वारदात : हत्या के बाद घंटों किसी ने नहीं दी खबर

# सिलतरा में क्रेन ऑपरेटर की हत्या से फैली सनसनी और संदेहियों से पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा की हनुमान फेक्ट्री में क्रेन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत मध्यप्रदेश के अनूपपुर निवासी शिव प्रसाद ध्रुव आदिवासी की एक ढाबा में हत्या का मामला सामने आया है वहीं घटना के चौबीस घंटे बाद भी मृतक को देखने न तो प्रबंधन की ओर से किसी ने सुध ली न ही ठेकेदार ने कोई सुध ली है इस घटना से जहां तीन मासूम बच्चों के सर से पिता का साया उठ गया तो वही उसकी पत्नी का सिंदूर मिट गया है। मृतक शिव प्रसाद ध्रुव की पत्नी श्रीमती राधाबाई उईके ने बताया कि उनके पति सिलतरा की हनुमान फेक्ट्री में क्रेन ऑपरेटर थे मंगलवार की सुबह दस बजे उन्हें सूचना मिली कि आपके पति की हत्या हो गई तब वह अपने बच्चो के साथ अपने मायके देवरी बिछिया मंडला से यहां धरसीवा चीर घर पहुंची लेकिन यहां फेक्ट्री वाले या ठेकेदार कोई देखने तक नहीं आए।

### मृतक के तीन मासूम बच्चे

राधाबाई यूईके ने बताया कि उनका विवाह 2013 में अनूपपुर निवासी मृतक शिवप्रसाद ध्रुव पिता पटवारी सिंह धुर्व के साथ हुआ था उनके पति विवाह के पहले से ही सिलतरा की फेक्ट्री में काम करते थे विवाह के बाद उनके तीन बच्चे हुए जिनमें बड़ा 14 वर्षीय रितेश उससे छोटी 10 वर्षीय कुमारी रिया ओर 8वर्षीय कुमारी मेघा ध्रुव है।



फाइल फोटो

### ठेकेदार ने की पुष्टि

इस संबंध में हनुमान फेक्ट्री के ठेकेदार एके सिंह ने बताया कि मृतक बीते दस दिनों से ही उनके अधीन हनुमान फेक्ट्री में काम कर रहा था। संदेहियों को लिया हिरासत में धरसीवा टी आई राजेंद्र दीवान ओर सिलतरा पुलिस चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह कंवर ने बताया कि सोमवार की शाम डोलिया फेक्ट्री के समीप एक होटल में शिवप्रसाद ध्रुव की हत्या की खबर मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्ट मार्डम के लिए धरसीवां चीर घर भेजकर मृतक के परिवार को सूचना दी इस मामले में कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया गया है मामले की जांच की जा रही है जल्द ही हत्या का खुलासा होंगा।

## अमेठी हादसे में घायल महिला की भी हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग–खरोरा मुख्य मार्ग पर अमेठी गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला ने भी सोमवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस दर्दनाक दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। मृतकों में मां-बेटा भी शामिल हैं, जिससे ग्राम गुल्लू में शोक की गहरी लहर फैल गई है।विदित हो कि बीते शनिवार शाम धान से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया था। हादसे में कुंतीबाई लोधी की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाइक चालक नंदकिशोर लोधी ने रायपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ा। गंभीर रूप से घायल उनकी मां राजकुमारी लोधी का उपचार रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा था, जहां उन्होंने भी जिंदगी की जंग हार दी।जानकारी के अनुसार तीनों एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी अमेठी गांव स्थित बजरंग केमिकल डिस्टलरी कंपनी के पास मोड़ पर यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त स्थान पर अक्सर भारी वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं, जिससे मोड़ पर सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। अंधे मोड़ और खड़ी गाड़ियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया था। जांच में चालक के नशे में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने वाहन जब्त कर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक हादसे ने एक ही परिवार को उजाड़ दिया। गांव में मातम का माहौल है और लोग प्रशासन से उक्त स्थान पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो।

- अमेठी हादसे में मृतकों की संख्या हुई तीन



## मरणोपरान्त अर्जुन लाल के नेत्रदान से दो लोगों की जिंदगी होगी रौशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



बुधवार को ग्राम भिलाई निवासी 80 वर्षीय अर्जुन लाल साहू का निधन हो गया। मरणोपरांत उनके परिवारजनों द्वारा किए गए नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई रोशनी मिलेगी। बुजुर्ग द्वारा किए गए इस पुण्य कार्य की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।

परिवारजनों ने बताया कि अर्जुन लाल साहू ने जीवित रहते ही नेत्रदान की इच्छा जताई थी। उनके निधन के बाद परिजनों ने आरंग स्वास्थ्य विभाग से संपर्क किया। नेत्र सहायक अधिकारी श्री सालिक नौरंगे ने तत्काल बीएमओ डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत को सूचना दी। इसके पश्चात जिला अंधत्व नियंत्रण शाखा के सहयोग से जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम भिलाई पहुंची और नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

इस दौरान जिला सहायक नोडल अंधत्व राजेंद्र यादव, वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी एस.पी. देवांगन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आरंग डॉ. रामनारायण दास सहित डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही। चिकित्सकों ने परिजनों को नेत्रदान प्रमाण पत्र सौंपते हुए बताया कि अर्जुन लाल साहू की आंखों से अब दो जरूरतमंदों को दृष्टि प्राप्त होगी। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व किसान नेता पारसनाथ साहू के पिता स्वर्गीय चुंबक लाल साहू के निधन के बाद नेत्रदान के समय कई ग्रामीणों ने इस पुण्य कार्य का संकल्प लिया था, जिसमें अर्जुन लाल साहू भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि अर्जुन साहू के पिता स्वर्गीय सोनसिंह साहू ने भी नेत्रदान किया था। इस प्रकार दो पीढ़ियों द्वारा किया गया नेत्रदान क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अवसर पर जनपद सदस्य किरण मनीष साहू, किसान नेता पारसनाथ साहू, गिरधारी साहू, टी.आर. साहू, धनेश साहू, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामनारायण दास, जिला सहायक नोडल राजेंद्र यादव, नेत्र सहायक अधिकारी एस.पी. देवांगन, सालिक नौरंगे, अन्नपूर्णा वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं साहू परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

गंभीर बीमारी या आकस्मिक परिस्थितियों पर मिलेगी राहत

# कैशलेस चिकित्सा योजना को बजट में की शामिल करने का अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कैशलेस चिकित्सा कर्मचारी संघ द्वारा राज्य सरकार से आगामी बजट में कैशलेस चिकित्सा योजना को शामिल करने की मांग को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। संघ की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती उषा चंद्राकार के नेतृत्व में सदस्यों ने सरकार से कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए कैशलेस उपचार सुविधा सुनिश्चित करने की अपील की है।

प्रदेश अध्यक्षा उषा चंद्राकार ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च लगातार बढ़ रहा है, जिससे कर्मचारियों को गंभीर बीमारी या आकस्मिक परिस्थितियों में भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। कई बार कर्मचारियों को उपचार के लिए कर्ज लेना पड़ता है या निजी संसाधनों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसी स्थिति में कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था लागू होने से कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी और वे बिना आर्थिक चिंता के बेहतर उपचार प्राप्त कर सकेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह मांग लंबे समय से उठाई जा रही है और अब बजट सत्र को देखते हुए इसे प्राथमिकता के साथ सरकार के समक्ष रखा गया है। इसी कड़ी में मंत्रालय में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सभी विभागों के सचिवों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है, जिसमें इस प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बताया गया कि बैठक में योजना की व्यवहार्यता, वित्तीय प्रावधान एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। संघ के सदस्यों का मानना है कि यदि इस योजना को बजट में शामिल किया जाता है तो लाखों कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि वे अधिक निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। कैशलेस चिकित्सा कर्मचारी संघ ने सरकार से सकारात्मक एवं संवेदनशील निर्णय की अपेक्षा जताई है। संघ के अनुसार मंत्रालय स्तर पर हो रही चर्चा के बाद इस मांग के बजट में शामिल होने की प्रबल संभावना है। अब सभी कर्मचारियों की नजर आगामी बजट घोषणा पर टिकी हुई है, जहां इस महत्वपूर्ण मांग पर अंतिम निर्णय सामने आएगा। इस अवसर पर राजकुमार दीपक, छत्रधर दीवान, केशव कुमार डहरिया, पीताम्बर दास मानिकपुरी, गिरधर ढीढी, घनश्याम रात्रे, डागेश्वर साहू, लखेश्वर रात्रे एवं राजपाल तुलाराम पाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सभी विभागों के सचिवों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई

## पेज 11 के शेष ...

### भाठागांव में सड़क का...

का दुकान में बैठना दूभर हो गया है। ग्राहक दुकान के सामने गड्ढे और धूल तथा मिट्टी की वजह से खरीदारी करने से बिदक रहे, इससे दुकानदारों का धंधा चौपट हुआ है। नगर निगम रायपुर की नरेश एंड कंपनी को इस कार्य का ठेका दिया है।

### दुकान के सामने 15 दिन से...

भर दुकान में जमा हो रही है कि ग्राहक इस रोड में आना नहीं चाहते। वार्ड पार्षद को परेशानी बताई तो कहने लगे अच्छी सड़क बनने में समय लगता है। महापौर स्थल निरीक्षण करने आई तो ठेकेदार की गलती बताकर चली गई। हम गरीब दुकानदारों की कोई सुनता हीं नहीं।

दिल्ली, मुंबई में जब रातों-रात सड़क बन सकती है, तो अपने रायपुर में 1 साल मे एक सड़क नही बन सकती ? 12 साल से यहां मेडिकल स्टोर चलाता हूं। हालत ये है, सभी लोग धूल से परेशान हैं। इससे खांसी और सांस फूलने की शिकायत भी लोगों को होने लगी है। इस ओर निगम प्रशासन को तत्काल ध्यान देना चाहिए।

### एक साल में सड़क बनना ...

परेशान है। 24 घंटे धूल-मिट्टी से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी 30 जनवरी को यहां आए थे तब उन्होंने निगम के अधिकारी को 15 दिन में एक साइड की सड़क निर्माण पूरा कराने अल्टीमेटम दिया। फटकार के बाद भी स्थिति जस के तस है। अब विधायक क्या कार्रवाई करते है, ये देखना है? यदि पखवाड़े भर में गड्ढा पाटकर निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो वार्डवासी उग्र आंदोलन करेंगे।

### नकली दवा कारोबार में संदेही ...

इस दौरान आशंका जताई गई थी कि यह मीटिंग नकली दवाई की जांच को प्रभावित करने वाली थी। इसके साथ ही मामले में लेनदेन के आरोप भी लगे थे। इस मामले की जांच के बाद सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर संजय नेताम को निलंबित करने का आदेश भी जारी कर दिया गया। प्रकरण से जुड़े कुछ अन्य अधिकारियों पर भी आने वाले दिनों में कार्रवाई होने की संभावना है। निलंबन के बाद संजय नेताम को नवा रायपुर के संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यालय में अटैच किया गया है।

### होली मनाने बिहार जाने वालों...

वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन विभिन्न रूट पर ट्रेन चला रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ से संचालित होने वाली तीन होली स्पेशल शामिल हैं। एक ट्रेन दुर्ग से मधुबनी (बिहार) के लिए 2 मार्च को रवाना होगी। 2 एसी थ्री और 9 स्लीपर कोच समेत 18 डिब्बे वाली यह ट्रेन 3 मार्च को मधुबनी से वापस रवाना होगी। यह ट्रेन दुर्ग से रात 12.30 बजे रवाना होकर 1.20 बजे रायपुर पहुंचेगी और चांपा, रायगढ़, झारसुगड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बोकारो, चंद्रपुरा, कतरासगढ़, धनबाद, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, क्यूल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा, सकरी होते हुए 2 मार्च को सुबह 4.45 बजे मधुबनी पहुंचेगी। वापसी के दौरान ट्रेन सुबह 6.15 बजे वहां से रवाना होकर उसी रुट में होते हुए दूसरे दिन सुबह 11.40 हजे रायपुर और 12.45 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इसी तरह गोंदिया-छपरा-गोंदिया के बीच 1, 2, 3, 4 मार्च को ट्रेन का संचालन किया जाएगा।

## होली से पूर्व धान के भुगतान की घोषणा से किसानों में हर्ष

आरंग। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय का जनपद सदस्य आरंग प्रीतम कुमार साहू ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का निर्णय किसानों के लिए बड़ी राहत और सम्मान की बात है। श्री साहू ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के अन्नदाताओं के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। होली जैसे प्रमुख पर्व से पहले अंतर राशि का भुगतान होने से किसानों एवं उनके परिवारों में खुशी का माहौल बनेगा, साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मंत्रिमंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार लगातार किसानों के हित में ठोस और सकारात्मक निर्णय ले रही है। यह कदम किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। जनपद सदस्य साहू ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों से खेती-किसानी को बढ़ावा मिलेगा और गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

प्ररूप– (एक)
समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं पीयूष ( PIYUSH ) पिता पी एल दीन ( P L DIN ) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है ) गाँव / शहर उमा निवास मकान नं.–11, दुबे कालोनी ऑप अरिहन्त हॉस्पिटल मोवा सड्डू तहसील– रायपुर, जिला– रायपुर (छ.ग. ) ने अपना नाम पीयूष ( PIYUSH ) पिता पी एल दीन ( P L DIN ) (पुराना नाम) से बदल कर पीयूष दीन ( PIYUSH DIN ) पिता स्व. प्यारे लाल दीन (Late PYARE LAL DIN ) (नया नाम ) रख लिया है।

हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
पीयूष

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता,आदेश 5 नियम 1 और 5)
क्लेम प्रकरण क्रमांक- 352/2025
प्रोसेस क्र.- 96/2026, पेशी दिनांक- 24/03/2026
न्यायालय- (दीपक कुमार कोशले) पंचम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक - मुन्ना कुमार
अनावेदक- हरविन्दर सिंह वगै.
बनाम- हरविन्दर सिंह आ. रवेल सिंह, उम्र-30 वर्ष, निवासी- (1) L I.G.- 908, वीरसावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर, थाना- कबीर नगर, जिला- रायपुर, (छ. ग.) पिन - 492099, (2) M. I. G.- 59, वीरसावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर, थाना- कबीर नगर, जिला- रायपुर, (छ.ग.) पिन - 492099

क्योंकि वादी/आवेदक/ अपीलार्थी ने आपके विरूद्ध रकम की वसूली रु. 93,53, 000/- राशि वसूली का वाद प्रस्तुत किया है आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनाँक 24/03/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

यदि किसी कारण वश पेशी तारीख 24/03/2026 को अवकाश घोषित हो जाने पर उसकी सुनवाई आगामी कार्य दिवस (Next Working Day) पर की जायगी।
नोट- उक्त समंस के साथ वाद पत्र की छायाप्रति पृथक से संलग्न है।

आज दिनांक 05/02/2026 को न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

जज
( दीपक कुमार कोशले )
पंचम अपर दुर्घटना दावा अधिकरण जिला- दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

:: आम सूचना ::
क्रमांक :Q दिनांक 11/02/2026

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा विभा जैन पिता-डॉ. गौतम जैन निवासी- एल.आई.जी. 16, इन्द्रावती कॉलोनी, रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 589 रकबा 0.1980 हेक्टेयर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के समक्ष प्रस्तुत की है। जिसके अनुसार न्यायालय रायपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक /क/ वाचक/ अतिरिक्त तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 12/01/2026 के परिपालन में ऊपर वर्णित भूमिस्वामी की वर्णित भूमि का सीमांकन दिनांक 18/02/2026 को किया जाना सुनिश्चित है। अतएव उक्त भूमि के सभी सहभूमिस्वामी एवं आसपास के भूमिस्वामी को इस आम सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को सूर्योदय एवं सूर्यास्त के बीच ऊपर वर्णित खसरा नंबर के संबंध में दावा या आपत्ति हो तो उक्त स्थल पर उपस्थित होकर सीमांकन की कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें एवं किसी भी प्रकार की आपत्ति/ दावा ऊपर वर्णित तिथि के पश्चात मान्य नहीं होगी।

भवदीय
शशि कुमार पाण्डेय (अधिवक्ता)
मो.नं. 98261-76171




शोक संदेश



स्व. देवकुमार साहू

अत्यंत दुख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि मेरे भांजे देव कुमार साहू का निधन दिनांक 09/02/2026 दिन सोमवार को हो गया है जिसका दशगात्र का कार्यक्रम निज निवास ग्राम भैंसा (खरोरा) में दिनांक 13/02/2026 दिन शुक्रवार को रखा गया है

अतः आप सभी उपरोक्त तिथि पर पधार कर स्वर्गीय पुण्यात्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान करने की कृपा करें।

शोकाकुल परिवार
स्व. जनकराम साहू (नाना), गिरिजा बाई साहू (नानी)
सुरेश साहू (मामा), महेन्द्र कुमार साहू (मामा

विनीत
टामन लाल साहू (मामा)
मो.नं. 9753669123
9009675790

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल हुए बदहाल कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बुधवार को माना मंडल अंतर्गत आने वाले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल की वर्तमान स्थिति का जायजा लेकर शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों एवं छात्रों से विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया गया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गरीब एवं ग्रामीण बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली अंग्रेजी माध्यम की मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। यह योजना गरीब परिवारों के बच्चों के लिए एक वरदान साबित हुई थी, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा इन स्कूलों पर लगातार बजट कटौती की जा रही है, जिससे स्कूलों की मूलभूत सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। ड्रेस, किताबें, स्टेशनरी आदि समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। बिजली, पानी, सफाई, फर्नीचर, लैब, लाइब्रेरी एवं खेल सामग्री की भारी कमी है। कई स्कूलों में चॉक-डस्टर जैसी बुनियादी चीजें भी उधारी पर खरीदी जा रही हैं।

### शांति सरोवर में आज से महाशिवरात्रि महोत्सव



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में 12 से 17 फरवरी तक महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस 6 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला, महापौर मीनल चौबे और नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर करेंगे। इसी तरह नवा रायपुर के सेक्टर-20 में स्थित एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड-शांति शिखर में भी 12 से 17 फरवरी तक महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा, जिसका शुभारंभ प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा करेंगे। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण पच्चीस फीट ऊंचे पहाड़ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ-साथ होलोग्राम शो होगा। इसके अलावा भविष्य में आने वाली स्वर्णिम युग की झांकी, शिव दर्शन आध्यात्मिक प्रदर्शनी, 40 फीट उँचा शिवलिंग आदि तैयार किए गए हैं। इसका अवलोकन करने का समय प्रतिदिन शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक रखा गया। प्रवेश निशुल्क रहेगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि के बाद 18 फरवरी से शांति सरोवर और चौबे कालोनी स्थित सेवाकेंद्रों में सात दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन किया गया है। शिविर में सुबह 7 से 8 अथवा शाम को 7 से 8 बजे में से सुविधानुसार कोई भी एक समय निश्चित करके लाभ लिया जा सकता है।

### स्वाति तिवारी को पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** स्वाति तिवारी को डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, कोटा ने मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. सीवी रमन विवि के डॉ. विवेक शुक्ला के निर्देशन एवं डॉ. अभिषेक शुक्ला के सह निर्देशन में पूर्ण किया है। डॉ. स्वाति तिवारी वर्तमान में कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मशीन लर्निंग की उपयोगिता में उनका शोध उपयोगी साबित होगा। उन्होंने अपने शोध को इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित करने के साथ शोध का डिजाईन पेटेंट भी कराया है।



# शिक्षकों की निगरानी में ही होगी फेयरवेल पार्टी, शिक्षा कार्यालय को देनी होगी पूर्व सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विद्यालयों में होने वाले विदाई समारोह सहित अन्य आयोजनों में अब छात्र स्टंटबाजी करते हुए रील नहीं बना सकेंगे। उन्हें अपने शिक्षकों की निगरानी में ही विदाई समारोह जैसे आयोजन करने होंगे।

- छत्तीसगढ़ राज्य बालक अधिकार संरक्षण आयोग ने डीपीआई को लिखा खत

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य बालक अधिकार संरक्षण आयोग ने लोक शिक्षण संचालनालय, समस्त जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी करने खत लिखा है। यह व्यवस्था बीते दिनों छात्रों के वायरल हुए वीडियो के बाद की गई है। कवर्धा के एक विद्यालय में फेयरवेल पार्टी के दौरान छात्रों का एक वीडियो फरवरी माह में वायरल हुआ। जिसमें छात्र-छात्राएं गाड़ियों पर स्टंट करते नजर आए। बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा 13 एवं 15 के तहत आयोग ने अनुशंसा करते हुए लिखा है, यदि विदाई समारोह या अन्य आयोजन बच्चों की ओर से किए जा रहे हो, तो इसकी पूर्व सूचना शाला प्रबंधन को देना अनिवार्य हो। ऐसे आयोजनों के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल तय किया जाएं और समारोह शिक्षकों की निगरानी में गरिमामय तरीके से आयोजित हों। शाला प्रबंधन यह सुनिश्चित करे कि किसी भी प्रकार के जोखिम भरे करतब न हों।

## कार में स्टंट करते हुए छात्रों का वीडियो हुआ था वायरल



फाइल फोटो

### स्वाभाविक है झुकाव

आयोग ने अपने खत में किशोरावस्था के दौरान आने वाले स्वभावगत परिवर्तन के विषय में भी अवगत कराया है। आयोग के मुताबिक, किशोरावस्था में रोमांच और साहसिक कार्यों के प्रति झुकाव स्वाभाविक है, लेकिन इससे बच्चों के अनमोल जीवन को खतरा नहीं पहुंचना चाहिए। यदि समय रहते रोक नहीं लगाई गई, तो ऐसे कृत्य भविष्य में एक गलत परंपरा का रूप ले सकते हैं। आयोग ने इस तरह की घटनाएं सामने आने पर संबंधित शाला प्रमुख को नोटिस जारी कर कारण पूछे जाने और भविष्य के लिए व्यवस्था करने कहा है।

### 20 फरवरी तक उपलब्ध करानी होगी जानकारी

दूसरी ओर, पुलिस पदाधिकारियों से स्कूलों में जाकर बच्चों को गंभीरता और स्नेह के साथ समझाइश देने की भी अनुशंसा की गई है। आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है कि इन अनुशंसाओं पर की गई कार्यवाही की लिखित जानकारी 20 फरवरी तक आयोग को उपलब्ध कराई जाए। छात्रों में रील्स के प्रति बढ़ते झुकाव और गैंग कल्चर को देखते हुए मंगलवार को ही रायपुर में शाला प्राचार्यों की बैठक पुलिस द्वारा ली गई थी। इसमें उन्हें बच्चों की सुरक्षा संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए थे।

## मुख्यमंत्री निवास में कल होगी बैठक

# भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने अनुमति का पेंच, स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक में होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की 16वीं बैठक 13 फरवरी को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होना है। स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक में इस बार का महत्वपूर्ण एजेंडा भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने का है। स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक में भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाए जाने के प्रस्ताव को सहमति मिल भी जाती है तो उसे उलझाने की तैयारी विभागीय अधिकारियों ने पहले से कर ली है। एजेंडा में इस बात का उल्लेख किया गया है कि भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने एक्सपर्ट की राय के साथ ग्रामसभा से परामर्श लेकर अनुमति प्राप्त करना है। इससे भोरमदेव के टाइगर रिजर्व बनाने का मामला एक बार फिर अटक सकता है।

अलग खबर

मध्यप्रदेश, कान्हा टाइगर रिजर्व का कभी हिस्सा रहे भोरमदेव अभयारण्य राज्य बनने के बाद मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ में शामिल हो गया। इसके बाद राज्य सरकार ने भोरमदेव को अभयारण घोषित किया। भोरमदेव बाघ की आवाजाही करने का एक बड़ा कॉरिडोर है। भोरमदेव में कान्हा से बाघों की आवाजाही होती रहती है। इस बात को देखते हुए एनटीसीए ने 28 जुलाई 2014 भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने अनुसंसा की थी। इसके बाद 23 मई 2017 को स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की नवमी बैठक में भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने प्रस्ताव पास किया गया।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को पत्र लिख पहले से मांग की है




### 13 गांव को टाइगर रिजर्व में शामिल करने का था प्रस्ताव

स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की दसवी बैठक 14 नवंबर 2017 को हुई थी। बैठक में भोरमदेव के 624.75 वर्ग किलोमीटर के 13 गांव को टाइगर रिजर्व में शामिल करने सहमति हुई थी। इसके बाद 16 जववरी 2019 को भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने ग्रामीणों का विरोध का हवाला देते हुए मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### एक्सपर्ट व्यू

हाईकोर्ट के सीनियर वकील संदीप तिवारी के अनुसार वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 38 (5) 4 (2) के प्रावधान के अनुसार बाघों के संरक्षण, संवर्धन तथा प्राकृतिक रहवास उपलब्ध कराने टाइगर रिजर्व का प्रस्ताव राज्य द्वारा नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी को भेजने के पूर्व बफर और पेरीफेरी की सीमा निर्धारित होती है, जिसके लिए ग्रामसभा के सिर्फ परामर्श की आवश्यकता होती है, इस धारा में कहीं पर भी नहीं लिखा है कि ग्राम सभा की सहमति की आवश्यकता है। वन विभाग ने अधिनियम को गलत तरीके से परिभाषित किया है। वन विभाग की मंशा है कि बोर्ड में तो प्रस्ताव पास करा लिया जाए परंतु बाद में ग्रामसभा से असहमति लिखवा कर प्रस्ताव निरस्त करा दिया जाएगा, ऐसा पहले भी कर चुके हैं।

### इसलिए जरूरी है टाइगर रिजर्व बनाना

*महत्वपूर्ण कॉरीडोर - भोरमदेव अभयारण्य मध्य प्रदेश के कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है, जो बाघों का महत्वपूर्ण कॉरिडोर है।*

*बाघों का प्राकृतिक आवास, प्रजनन स्थली - यहां की स्थलाकृति और साल के घने जंगल बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्यजीवों को आकर्षित करती है। कैमरा ट्रैप्स में यहां बाघों की उपस्थिति और उनके प्रजनन के सबूत मिले हैं, जो इस क्षेत्र के एक स्थाई टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित होने की क्षमता को दर्शाता है।*

*पारिस्थितिक तंत्र की सुरक्षा - टाइगर रिजर्व घोषित करने से भोरमदेव में फन और संकरी नदियों के उद्गम स्थल के साथ-साथ इस पूरे पारिस्थितिक तंत्र को बेहतर सुरक्षा मिलेगी। साथ ही महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व नवेगांव-नागझीरा, ताडोबा और ओडिशा के पलामू जैसे क्षेत्रों के साथ मिलकर यह देश के सबसे बड़े बाघ गलियारों में से एक बन सकता है।*

# निजी स्कूलों ने कहा- फीस बढ़ाएं अन्यथा नहीं देंगे गरीब बच्चों को प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- आरटीई राशि में बीते 14 वर्षों में वृद्धि नहीं, विरोध में उतरा निजी स्कूल संघ
- सितंबर 2025 में बिलासपुर हाईकोर्ट ने दिए थे कार्यवाही के निर्देश

निजी स्कूल संघ आरटीई राशि नहीं बढ़ाए जाने के कारण खुलकर विरोध में आ गया है। निजी स्कूल संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व आरटीई राशि में वृद्धि नहीं की गई तो वे असहयोग का मार्ग अपनाएंगे। गौरतलब है कि निजी स्कूल संघ ने गत 13 वर्षों से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि को नहीं बढ़ाने को लेकर उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की थी। बीते वर्ष 19 सितंबर को दिए गए अपने आदेश में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने 6 माह के भीतर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की मांगों पर निर्णय लेने के लिए कहा था।

निजी स्कूलों का कहना है कि न्यायालयीन आदेश के बाद भी उनकी स्थिति पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। न्यायालय में याचिका दायर करने के पूर्व वे कई स्तर पर आवेदन लिख चुके हैं और अपनी स्थिति शासन-प्रशासन के समक्ष स्पष्ट कर चुके हैं। इसके बाद भी कोई राहत नहीं मिलने से वे दुखी हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को लिखे अपने खत में संघ ने असहयोग की बात कही है।

### अनिर्णय की स्थिति

यह अत्यंत खेद का विषय है कि गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा पर होने वाले व्यय पर विभाग संवेदनहीन है। अनिर्णय की स्थिथि में हम असहयोग आंदोलन करने पर विवश होंगे।
- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

### 7 हजार से बढ़ाकर 18 हजार करने की मांग

शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। इन गरीब छात्रों की फीस सरकार द्वारा भरी जाती है। निजी स्कूल इसी फीस में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। वर्तमान में प्राथमिक कक्षाओं में प्रति छात्र 7 हजार रुपए दिए जाते हैं। इसे बढ़ाकर 18 हजार करने की मांग की गई है। इसी तरह से माध्यमिक कक्षा में फीस 11,500 से बढ़ाकर 22 हजार तथा हाई व हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक प्रदान करने की मांग की गई है।

# जिला अस्पताल के नए सिविल सर्जन की तलाश तेज, पुराने अगले माह रिटायर होंगे

**रायपुर।** जिला अस्पताल के लिए सिविल सर्जन की तलाश तेज हो गई है। वर्तमान में यह पद संभाल रहे डा. एसके भंडारी अगले माह रिटायर होने वाले हैं। राजधानी रायपुर का डिस्ट्रिक हास्पिटल की जिम्मेदारी होने के कारण यह कई नजरिए से महत्वपूर्ण है। विभिन्न मसलों को ध्यान में रखते हुए यहां प्रशासनिक क्षमता वाले सीनियर डाक्टर की तालश की जा रही है।

- प्रशासनिक क्षमता वाले डाक्टर की हो रही खोज

रायपुर जिला अस्पताल के अंतर्गत अभी एमसीएच कालीबाड़ी भी आता है, जिसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत यह सबसे बड़ा हेल्थ सेंटर है। इसकी कुल क्षमता लगभग चार सौ बेड की है। इसके अलावा राजधानी से संबंधित होने की वजह से यहां विभिन्न तरह का प्रशासनिक दबाव भी होता है। वर्तमान में यहां सिविल सर्जन की जिम्मेदारी संभाल रहे डा. एसके भंडारी मार्च के दूसरे पखवाड़े में सेवानिवृत हो रहे हैं। इसके पहले अस्पताल का संचालन अच्छी प्रशासनिक क्षमता वाले डाक्टर के हाथों में देने के लिए तलाश पूरी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार सिविल सर्जन की दौड़ में वरिष्ठ महिला चिकित्सक के साथ तीन से चार लोग शामिल है। इनमें से कुछ ने अपनी दावेदारी भी अफसरों के सामने प्रस्तुत कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दावेदारी की दौड़ में शामिल इन्हीं डाक्टरों के बीच से किसी को सिविल सर्जन बनाया जा सकता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य संचालनालय और जिला स्तर पर तबादला सूची जारी हो सकती है।

# रजक समाज को ही मिलेगा धुलाई का ठेका



- धोबी समाज के साथ मिलकर विधायक सोनी ने किया भूमिपूजन

**रायपुर।** धोबी समाज के सामुदायिक भवन, छात्रावास भवन के भूमि को सुरक्षित करने अतिक्रमण से बचाने विधायक निधि से बाउंड्री वॉल के लिए राशि स्वीकृत की गई है जिसका भूमि पूजन विधायक सुनील सोनी, नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद रमेश सपहा ने समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर की अध्यक्षता तथा समाज जनों की उपस्थिति में किया। इस मौके पर विधायक सुनील सोनी ने लॉन्ड्री टेंडर के लिए डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के लिए निकाले गए टेंडर जिसमें 10 करोड रुपए का टर्नओवर पांच करोड रुपए का नेटवर्थ मांगा गया था जिसके लिए समाज जनों ने विधायक के समक्ष गुहार लगाई थी अगर हम लोगों के पास इतने रुपए का टर्नओवर होता तो हम लोग लॉन्ड्री का काम क्यों करते हैं जिस पर विधायक श्री सोनी ने तत्काल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से चर्चा की। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री निर्मलकर को अपने निवास में आमंत्रित किया और उस समय के स्वास्थ्य सचिव शिखा राजपूत तिवारी को इस विवादित टेंडर को निरस्त करने के लिए कहा और स्वास्थ्य मंत्री ने समस्त मेडिकल कॉलेज के डीन अस्पताल के सुपरीटेंडेंट के मीटिंग बुलाकर स्पष्ट तौर पर कहा लॉन्ड्री का काम केवल धोबी समाज को ही मिलनी चाहिए।

# टाटीबंध में प्रदेश का पहला हाईटेक महतारी सदन खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे, आधुनिक प्ले की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी में प्रदेश का पहला हाईटेक महतारी सदन टाटीबंध में बुधवार से शुरू हुआ। यहां पढ़ाई के साथ-साथ खेल-खेल में बच्चों को सीखने का अवसर मिलेगा। इससे उनकी सीखने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी और रोचक बन सकेगी। बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर अपने तरह के इस अनूठे हाईटेक महतारी सदन सह आंगनबाड़ी केन्द्र नौनिहालों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखकर विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।

रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने 85 लाख की लागत से बने इस केंद्र का लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री मूणत ने कहा हमारा संकल्प रायपुर पश्चिम को केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि देश का सर्वश्रेष्ठ मॉडल बनाना है। महतारी सदन में मेरी उस कल्पना का मूर्त रूप है, जहां हमारी मातृशक्ति को भरपूर सम्मान मिले और नौनिहालों को वही वातावरण प्राप्त हो जो किसी कार्पोरेट स्कूलों में मिलता है। यह संभवतः भारत का पहला ऐसा आंगनबाड़ी केन्द्र है जो निजी क्षेत्रों की सुविधाओं को भी पीछे छोड़ता है। यहां बच्चे न केवल पोषण प्राप्त करेंगे साथ ही खेल-खेल में अपना भविष्य का निर्माण करेंगे। राजेश मूणत ने बताया कि इस आधुनिक आंगनबाड़ी केन्द्र की खासियत ये है कि यहां स्मार्ट क्लासरूम से लेकर आधुनिक इंडोर और आउटडोर स्टेडियम और आउटडोर प्ले एरिया, हाईजेनिक किचन की सुविधा बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं, पुरुषों और दिव्यांग जनों के लिए अलग-अलग वाशरूम की सुविधा है।



- रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने वार्डवासियों को दी अनूठी सौगात
- 86 लाख की लागत से बना 4500 वर्गफीट क्षेत्र में तैयार

### महतारी सदन वात्सल्य और मातृत्व का अनूठा संगम : मीनल

*कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने कहा टाटीबंध का महतारी सदन वात्सल्य और मातृत्व का अनूठा संगम है। यह सदन हमारी बहनों-माताओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय और बच्चों के लिए ज्ञान का मंदिर बनेगा। जिस तरह से दिव्यांग बच्चों के लिए रैंप और सर्वसुविधा युक्त वाशरूम बनाए गए हैं, यह दर्शाता है कि राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चिंता करती है। महापौर मीनल चौबे ने अपने उदबोधन मे कहा रायपुर नगर निगम क्षेत्र में यह परियोजना एक मिसाल बनेगी, जिसे आने वाली पीढ़ी याद रखेंगी।*

### भविष्य के लिए ग्रोथ सेंटर : सूर्यकांत राठौर

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा राजेश मूणत की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सूक्ष्म कार्ययोजना है। यदि विजन स्पष्ट हो तो सरकारी आंगनबाड़ी भी कार्पोरेट आफिस से बेहतर दिख सकती है। यहां ट्रेम्पोलिन, बास्केटबॉल और डिजिटल क्लासरूम जैसी सुविधाएं देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों का बचपन अभावों में न दबे। यह केन्द्र केवल पोषण ही बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का ग्रोथ सेंटर बनेगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद गायत्री-सुनील चंद्राकर, मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर,गज्जू राम साहू , पार्षद मीना ठाकुर, भगतराम हरबंश, राजेश कुमार देवांगन, अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ी भाषा में एआई मिशन से किसानों को लाभ और बजट में लिथियम भंडार के विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को लोकसभा में केंद्रीय बजट की सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए इसे 'आत्मविश्वास का बजट' करार दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्य वर्ग के सशक्तिकरण को समर्पित है। उन्होंने कहा, बीते ग्यारह वर्षों में देश ने गति पाई है, गौरव पाया है, वैश्विक पहचान बनाई है। आज भारत इस बजट के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। अब भारत रुकेगा नहीं, अब भारत झुकेगा नहीं, अब भारत थमेगा नहीं।

उन्होंने कहा, 'भारत विस्तार एआई मिशन' के तहत अब राज्य के किसानों को छत्तीसगढ़ी भाषा में खेती की उन्नत तकनीक सिखाई जाएगी। उन्होंने धान के समर्थन मूल्य का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस काल के 1310 रुपये के मुकाबले आज मोदी सरकार 2369 रुपये दे रही है, जबकि छत्तीसगढ़ में 'मोदी की गारंटी' के तहत 3100 रुपये में खरीदी कर किसानों को समृद्ध किया जा रहा है। उन्होंने कहा, बजट में रेयर अर्थ और सेमीकंडक्टर मिशन के लिए 40,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ में मिले लिथियम भंडार का तेजी से विकास होगा और भारत बैटरी निर्माण में आत्मनिर्भर बनेगा।

### राहुल की राजनीति अतीत की डायरी

बृजमोहन अग्रवाल ने बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गांधी के बयानों को यथार्थ से परे बताते हुए कहा, कांग्रेस का शासन विफलताओं का इतिहास रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बजट देश के उज्ज्वल भविष्य का निवेश है। उन्होंने कहा, अब राहुल की राजनीति, अतीत की डायरी हो गई है, जिसके पन्ने पीले पड़ चुके हैं।



- सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय बजट की सामान्य चर्चा में कहा- यह विकसित भारत का स्पष्ट रोडमैप

### कांग्रेस एक परिवार की धरोहर

*राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए बृजमोहन ने उन्हें राजनीति का ऐसा कवि बताया जो भावनाओं की कविताएं तो लिखते हैं, पर यथार्थ की गद्य-भाषा नहीं समझते। वे ऐसे यात्री हैं जिन्हें खुद रास्ता नहीं मालूम, पर देश को मंजिल दिखाने चले हैं। उनके भाषणों में आरोप और नारे तो बहुत हैं, लेकिन नीतियों और आत्मचिंतन का अभाव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस के लिए सत्ता एक 'परिवार की धरोहर' थी, जबकि भाजपा के लिए यह 'जनता की सेवा' का माध्यम है।*




23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





पहाड़ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग, 40 फीट...

एजुकेशन अलर्ट

## फिजिक्स में डायग्राम, ग्राफ और यूनिट्स की करें पढ़ाई



**रायपुर।** बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने के लिए डायग्राम, ग्राफ और यूनिट्स के लिहाज से पढ़ाई करें। इसके विशेष महत्व को भी समझें। उत्तर पुस्तिका में साफ, स्पष्ट और सही लेबल वाले डायग्राम प्रस्तुत करने से उत्तर भी प्रभावी बनते हैं। संख्यात्मक प्रश्नों में सभी स्टेप्स लिखना आवश्यक है, ताकि पूर्ण अंक प्राप्त किए जा सकें। संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में फिजिक्स की शिक्षिका निदा सुल्तान ने 12वीं फिजिक्स की प्रभावी तैयारी को लेकर छात्रों को परीक्षा के लिए उपयोगी जानकारी दी। बुधवार को शिक्षिका ने कहा कि 12वीं फिजिक्स कॉन्सेप्ट आधारित विषय है, इसलिए सभी अध्याय को एक साथ पढ़ने की बजाय टॉपिक के अनुसार अध्ययन करना अधिक उपयोगी होगा। पहले मूल अवधारणाओं, नियमों और सूत्रों को अच्छी तरह समझना चाहिए। इसके बाद संख्यात्मक प्रश्नों का नियमित अभ्यास करना कारगर होगा।

### रिवीजन, सैंपल पेपर और मॉक टेस्ट का अभ्यास करें

उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। निदा ने कहा कि प्रतिदिन एक निश्चित समय पर फिजिक्स का अध्ययन करें, कठिन टॉपिक्स को छोटे भागों में बांटकर पढ़ें। उनके शॉर्ट नोट्स और फॉर्मूला शीट अलग से तैयार करना फायदेमंद होगा। नियमित रिवीजन, सैंपल पेपर और मॉक टेस्ट का अभ्यास करने के साथ-साथ आत्मविश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है। सुनियोजित और निरंतर तैयारी से 12वीं फिजिक्स बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए दृढ इच्छा शक्ति और तय समय पर रिवीजन करने से सफलता सुनिश्चित होगी।

वेडिंग सीजन में महिलाएं मेहंदी रस्म के लिए प्रोफेशन डिजाइनर्स से बनवा रही हैं मनपसंद डिजाइन

# मेहंदी की रस्म के लिए दूल्हा-दुल्हन हाथों पर डिजाइन करवा रहें तस्वीरें और हार्ट टचिंग मैसेज

वेडिंग सीजन में शादी घरों में मेहंदी रस्म की जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। ताकि दूल्हा-दुल्हन के हाथों की मेहंदी के रंग की तरह उनके नव दांपत्य जीवन में भी खुशियों का रंग भर जाए। मेहंदी का रस्म दूल्हा-दुल्हन के अलावा फैमिली व रिश्तेदारों के लिए भी खास होता है, विशेषकर महिला ग्रुप का सबसे पसंदीदा होता है। ताकि वे इस खुशी के मोमेंट को मेहंदी के रंगों से यादगार बना सकें और शादी के माहौल में रंग जमा सकें।



**रायपुर।** मेहंदी रस्म को खास बनाने के लिए आजकल मेहंदी रिसेप्शन ऑर्गनाइज किया जा रहा है। इसके लिए प्रोफेशन मेहंदी डिजाइनर्स हायर कर वेडिंग ट्रेंडी मेहंदी डिजाइन हाथों में बनाने का ट्रेंड चल रहा है। शहर की प्रोफेशन मेहंदी डिजाइनर शुभम रस्तोगी और नैना पांडे बताते हैं कि शादी का सीजन अपने पूरे सबाब पर है। ऐसे में एडवांस में शादी घरों से मेहंदी डिजाइन कराने की बुकिंग मिल रही है। शादियों के इस सीजन में दुल्हनें अपनी मेहंदी में तमाम नए एक्सपेरिमेंट करवा रही हैं। मेहंदी डिजाइनर्स ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि मेहंदी जितनी खूबसूरत और सुर्ख हो, दूल्हे और दुल्हन की जिंदगी में उतने ही रंग बिखरे होते हैं। शायद यही कारण है कि दुल्हनें हाथों की इस लाली को खूबसूरत और सुर्ख बनाने के लिए मेहंदी डिजाइनर्स से अजब-गजब डिजाइन की बनवा रही हैं।

### 3100 से लेकर 30 हजार रुपए तक चार्ज

एक शादी में मेहंदी डिजाइन को बनवाने के लिए प्राफेसनर डिजाइनर्स 3100 से लेकर 30 हजार रुपए तक चार्ज कर रहे हैं। मेहंदी आर्टिस्ट्स आशीष वर्मा बताते है कि एक शादी में मेहंदी डिजाइन बनाने का एक मुस्त चार्ज लेते हैं। इसमें दूल्हा-दुल्हन सहित उनकी फैमिली मेंबर्स के हाथों पर भी मेहंदी लगाते हैं। इसमें चार से पांच घंटे तक का टाइम लगता है। खास महत्व होता है। दुल्हन के हाथों पर सजी मेहंदी सिर्फ एक डिजाइन नहीं, बल्कि उसकी पर्सनैलिटी, स्टाइल और पूरे ब्राइडल लुक को निखारने का जरिया होती है. अक्सर दुल्हनें किसी फोटो या ट्रेंडिंग डिजाइन को



देखकर ही मेहंदी चुन लेती हैं, लेकिन यह काफी नहीं है. अगर मेहंदी डिजाइन सोच-समझकर न चुनी जाए तो हाथों की खूबसूरती और पूरा ब्राइडल लुक दोनों प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए मेहंदी डिजाइन चुनने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। अक्सर दुल्हनें सोशल मीडिया या कैटलॉग देखकर वही डिजाइन कॉपी करवा लेती हैं, बिना यह सोचे कि वह डिजाइन उनके हाथों पर वैसा दिखेगा या नहीं। हर स्किन टोन पर हर तरह की मेहंदी समान रूप से उभरकर नहीं आती। मेहंदी की बहुत बारीक डिजाइन या ज्यादा भरा हुआ पैटर्न स्किन टोन के हिसाब से फीका भी लग सकता है। छोटी उंगलियों पर बहुत हैवी डिजाइन हाथों को और छोटा दिखा सकता है, वहीं लंबे हाथों पर खाली-खाली डिजाइन अधूरा लग सकता है। हाइट को इग्नोर करना कम हाइट वाली दुल्हनों पर बहुत भारी और भरी हुई मेहंदी हाथों को छोटा दिखाती है, जबकि लंबी दुल्हनों पर मिनिमल या खाली डिजाइन बैलेंस नहीं बनाता। मेहंदी डिजाइन का चुनाव हाथों की शेप और स्किन टोन के अनुसार करने चाहिए। फुल हैंड, हाफ हैंड या मिनिमल आउटफिट और ज्वेलरी से मैच करते हुए मेहंदी आकर्षक होता है।



### लोकल डेस्टिनेशन की डिजाइन भी

मेहंदी आर्टिस्ट्स के मुताबिक, डेस्टिनेशन वेडिंग का क्रेज अब दुल्हन के हाथों तक पहुंच रहा है। वह कपल्स जो अपने ड्रीम डेस्टिनेशन पर जाकर वेडिंग करने वाले हैं या जिनकी यादों से कोई खास डेस्टिनेशन जुड़ा है, वे वहां का डिजाइन मेहंदी में बनवा रहे हैं। जैसे भोरमदेव मंदिर, बस्तर जलप्रपात, जंगल सफारी, जनजातीय भित्त चित्र आर्ट्स डिजाइन इस बारे में मेहंदी डिजाइनर अदिति सिन्हा बताती हैं कि कपल्स के बीच डेस्टिनेशन वेडिंग के मेहंदी डिजाइंस का काफी क्रेज हैं। इस डिजाइन में दुल्हन की पसंद की डेस्टिनेशन की खास लोकेशन को उकेरा जाता है।



### पोट्रेट डिजाइन मेहंदी की डिमांड

दुल्हनों के बीच इन दिनों पोट्रेट डिजाइन मेहंदी की डिमांड है। इस बारे में मेहंदी डिजाइनर विवेक साहू बताते हैं कि आजकल पोट्रेड मेहंदी का डिजाइन काफी पसंद किया जा रहा है। यह डिजाइन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए बनाया जा सकता है। इसके लिए हमें जोड़े की फोटो की जरूरत पड़ती है। इसके बाद उसका एक प्रिंट निकाला जाता है, फिर उस डिजाइन को हाथ पर अप्लाई किया जाता है। मेहंदी की रस्म के लिए पोट्रेट डिजाइन को लेकर काफी क्रेज है। इस डिजाइन के लिए आर्टिस्ट भी अलग होते हैं। इस मेहंदी के डिजाइन को देखकर दूल्हा-दुल्हन के चेहरे को आसानी से पहचान सकते हैं। वहीं, नाम के साथ हार्ट टचिंग मैसेज भी उकेरी जा रही है।

सिटी इवेंट

## वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों की टीम एनआईटी में तैयार कर रही भावी पीढ़ी के लिए अंतरिक्ष



**रायपुर।** एनआईटी के सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेनट्री एक्सप्लोरेशन ने अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में नई उपलब्धि हासिल की है। संस्थान ने देहरादून के भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के साथ एमओयू किया है। यह समझौता ज्ञापन एक ऐतिहासिक सहयोग का प्रतीक है, जो अंतरिक्ष अनुसंधान और शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति एनआईटी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। आईआईआरएस-आईएसआरओ के साथ साझेदारी करके, कोसिन भावी पीढ़ी के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के लिए क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है, जिससे भारत के तेजी से विकसित हो रहे अंतरिक्ष क्षेत्र और वैश्विक वैज्ञानिक नेतृत्व में सार्थक योगदान मिलेगा। यह समझौता एनआईटी के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव, आईआईआरएस आईएसआरओ देहरादून के निदेशक डॉ. आरपी सिंह, कोसाइन के समन्वयक डॉ. हिमांशु गोविल और दोनों संस्थानों के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। यह रणनीतिक साझेदारी अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अत्याधुनिक क्षेत्रों में दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक, अनुसंधान और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर रिसर्च व नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

इस समझौता ज्ञापन में संयुक्त अनुसंधान और नवाचार के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई है। इनमें उन्नत पृथ्वी अवलोकन के लिए हाइपरस्पेक्ट्रल रिमोट सेंसिंग, जलवायु और पर्यावरण निगरानी के लिए माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग, ग्रह विज्ञान और अंतरिक्ष मिशन और स्टार्टअप और उद्यमिता को समर्थन देने के लिए अंतरिक्ष-आधारित इनक्यूबेशन प्लेटफॉर्म का विकास शामिल है। अकादमिक अनुसंधान को तकनीकी अनुप्रयोगों और उद्योग के साथ जोड़कर, यह साझेदारी अंतरिक्ष नवाचार के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है।

### इन विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अध्ययन

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत सभी सहयोगात्मक गतिविधियों के समन्वित कार्यान्वयन का नेतृत्व कोसिन के समन्वयक डॉ. हिमांशु गोविल, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. सौरभ गुप्ता और मेंटर प्रोफेसर एस. सान्याल करेंगे। उनके नेतृत्व में शैक्षणिक कार्यक्रमों, अनुसंधान पहलों और आउटरीच गतिविधियों की प्रभावी योजना, क्रियान्वयन और निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

50 वर्षों की यात्रा को समर्पित दी गई प्रस्तुति

## आकर्षक परिधान में नृत्यों की प्रस्तुति से सजाया एनुअल डे

**रायपुर।** सेंट जेवियर हाई स्कूल ने 'वर्तमान में साहस करें, भविष्य की ओर बढ़ें' विषय के साथ ग्रेजुएशन कम एनुअल डे को हर्षोल्लास से मनाया। ग्रेजुएशन डे पर प्रतिभा, गुणवत्ता, परिश्रम और समन्वय का सशक्त प्रदर्शन किया। यह आयोजन उसी का जीवंत उदाहरण रहा। इसकी शुरुआत प्रभु प्रार्थना से की गई। इसके बाद मधुर प्रार्थना गीत प्रस्तुत किए गए। जेवियर्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स के 50 वर्षों की यात्रा को समर्पित एक प्रस्तुति दी गई। मंच पर मुख्य आकर्षण संगीतमय नाटिका रही। इसमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता की झलक और आप विशेष है का संदेश प्रभावशाली ढंग से दिया गया। मोंटेसरी से प्राथमिक कक्षा में पहुंचने नन्हे विद्यार्थियों को देखने के लिए अभिभावक प्रतीक्षारत थे। नीले और सुनहरे परिधानों में सजे बच्चों ने मनमोहक अंदाज में अपने स्क्रॉल प्राप्त किए।





### छत्तीसगढ़ी नृत्य और ग्लोबल डांस ने समां बांधा

वहीं, मोंटेसरी से कक्षा पांचवी तक के मेधावी विद्यार्थियों को अतिथि ए ख़ास द्वारा सम्मानित किया गया। सभी कक्षा के प्रिंस और प्रिंसेस की घोषणा एनुअल डे के खास मंच से की गई। रंग-बिरंगी नृत्य प्रस्तुतियों से अपनी ऊर्जा, सटीकता और सौंदर्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। अंत में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नृत्य और ग्लोबल डांस ने समां बांधा। अतिथियों में डॉ. एला गुप्ता, सतीश जैन, श्वेता महिमा दास (गायिका), साकेत साहू , रत्नाकर जायसवाल, भारत डाग मंचस्थ रहे। सुमि भटनागर ने आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की शोभा बढ़ाई। चेयरमैन डॉ. एएफ पिंटो और प्रबंध निदेशक डॉ. ग्रेस पिंटो के मार्गदर्शन में आयोजन सम्पन्न हुआ।

## देश रंगीला-रंगीला...और बॉलीवुड सॉग्स पर बच्चों के परफार्मेंस ने मोहा मन

**रायपुर।** बुधवार को बोरियाखुर्द स्थित द लिटल एंजल इंग्लिश स्कूल में एनुअल डे सेलिब्रेट किया गया। यह आयोजन कार्तिक प्लेस में शाम 5 बजे किया गया। इसमें स्कूल के नर्सरी, पीपी से 8 क्लास तक के बच्चों ने देश भक्ति और बालीवुड सॉग्स, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व राजस्थानी लोक गीत-नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से पेरेंट्स व अपने टीचर्स की तारीफें बटोरी। पीपी 1 क्लास के बच्चों ने देश रंगीला-रंगीला...और बालीवुड मॉसअप सॉग्स पर एर्जीटिक परफार्मेंस से सबका मन मोह लिया। नर्सरी व पीपी क्लास के नन्हे-मुन्नों को मंच पर मासूमियत भरी अंदाज में गाते व नृत्य करते देखना पेरेंट्स के लिए बेहद सुखद भरा एहसास रहा। बच्चे भी मम्मी-पापा को देख पूरे कांफिडेंट्स और एनर्जी के साथ परफार्मेंस देकर एनुअल-डे को यादगार बना दिया। कार्यक्रम को देर शाम तक बच्चे, टीचर्स और पेरेंट्स



एंजॉय करते रहे। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य उत्तम देवांगन और डायरेक्टर सहित टीचर्स और पेरेंट्स उपस्थित रहे।

### पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिले

एनुअल डे में नर्सरी, पीपी और 8 क्लास के मेधावी बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया।स्कूल के डायरेक्टर ने बच्चों को उनके पेरेंट्स के साथ मंच पर पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार पाकर बच्चों के साथ-साथ पेरेंट्स के चेहरे पर खुशियां बिखर आईं। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद पेरेंट्स के साथ बच्चों की ग्रुप फोटो सेशन से एनुअल डे मेमोरिएबल बन गया। पेरेंट्स मोबाइल से भी सेल्फी व फोटोग्राफी करते दिखे।

कॉलोनियों में लोग घरों को मौसम के अनुरूप बनाने के लिए कर रहे हैं तैयारी

# गर्मी में घर को ग्रीन और कूल रखने, पानी की बचत करने वाले पौधों से सजा रहे बालकनी गार्डन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गर्मी की आहट के साथ ही लोग घरों को ग्रीन और कूल बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। इसके लिए घरों की बालकनी गार्डन को मौसम के अनुरूप कम से कम पानी लेने वाले पौधों से डेकोरेट कर रहे हैं। ताकि, गर्मी के दिनों में पानी बचाने की जिम्मेदारी के साथ ही घर में ठंडक का एहसास और हरा भरा नजारा लिया जा सके। शहर की अमलीडीह कालोनी की रहने वाली सुनीता साहू, हेमा गुप्ता और शंकर नगर के निवासी रामचरण उपाध्याय ने बताया कि वे टेरिस व हाउस गार्डन में बरसात व ठंड के मौसम में विभिन्न वैरायटी की पौधे तैयार किए हैं। इस काम में विशेषकर महिलाएं पूरी मन के साथ बालकनी गार्डन को सजाने में अभी से लग गई हैं। वे बालकनी गार्डन के लिए बरसात में तैयार किए गए गार्डन से उन पौधों को सलेक्ट कर डेकोरेट कर रही हैं,







जिसे कम से कम पानी की जरूरत होती है। वहीं, बागवानी विशेषज्ञ अर्जुन नामदेव का कहना है शहरों में जगह की कमी के कारण बड़ा गार्डन बनाना हर किसी के लिए पॉसिबल नहीं होता। ऐसे में घर में छोटी-सी बालकनी भी है, तो वहां एक खूबसूरत स्मॉल गार्डन तैयार कर सकते हैं। इससे न केवल घर का माहौल फ्रेश और पॉजिटिव रहता है, बल्कि मेंटल पीस और हेल्दी लाइफस्टाइल को भी बढ़ावा मिलता है। अच्छी बात यह है कि इसके लिए बहुत ज्यादा समय या मेहनत की जरूरत नहीं, बस सही लो-मेंटेनेंस प्लांट्स चुनने होते हैं। आइए जानते हैं कैसे बनाएं बालकनी में छोटा गार्डन और कौन-से पौधे इसके लिए बेहतर हैं।

### कम मेहनत में शानदार हरियाली देगा स्नेक प्लांट

स्नेक प्लांट उन लोगों के लिए परफेक्ट है, जो गार्डनिंग में नए हैं। यह पौधा कम पानी में भी आसानी से जीवित रहता है और कम रोशनी में भी बढ़ सकता है। इसकी लंबी हरी पत्तियां बालकनी को मॉडर्न और क्लीन लुक देती हैं। खास बात यह है कि यह एयर क्वालिटी सुधारने में भी मदद करता है, इसलिए इसे घर के आसपास रखना फायदेमंद माना जाता है।

### आसानी से छोटे पॉट में लगेगा मनी प्लांट

अगर सजावटी और तेजी से बढ़ने वाला पौधा चाहती हैं तो मनी प्लांट जरूर लगाएं। इसे गमले, पानी की बोतल या हैंगिंग बास्केट में आसानी से उगाया जा सकता है। यह ज्यादा देखभाल नहीं मांगता और नियमित हल्की पानी देने से ही हरा-भरा रहता है। इसकी बेलें बालकनी की दीवारों को खूबसूरत लुक देती हैं।

### छोटे और स्टाइलिश सक्युलेंट्स प्लांट

अगर बालकनी में बहुत कम जगह है तो सक्युलेंट्स प्लांट्स सबसे अच्छे विकल्प हैं। ये छोटे साइज के होते हैं और कम पानी में लंबे समय तक टिके रहते हैं। इन्हें छोटे डेकोरेटिव पॉट्स में लगाकर बालकनी को ट्रेंडी लुक दिया जा सकता है।

**सिटी लाइव**

## सियान गुड़ी में बुजुर्गों ने आपस में साझा किए सेहत के राज



**रायपुर।** दुर्गा कॉलेज के पूर्व प्राध्यापकों की टोली बुधवार को महाराष्ट्र मंडल के सियान गुड़ी पहुंची। सभी वरिष्ठ नागरिकों की नियमित स्वास्थ्य जांच की गई तो पता चला कि दुर्गा कॉलेज का समूचा शिक्षकवृंद सेहतमंद हैं, खुशहाल और मजे में भी। सहज जिज्ञासा में पूछ गए सवालों पर सभी का एक ही जवाब था कि हम दिनभर अपने आपको सक्रिय रखते हैं। लोगों से मेलजोल बनाकर रखते हैं, यही हमारी सेहत का राज है। समता कॉलोनी स्थित दिव्यांग बालिका विकास गृह सह सियान गुड़ी में पहुंचे सभी पूर्व प्राध्यापकों की महाराष्ट्र मंडल की फीजियोथैरेपिस्ट डॉ. अंकिता काले ने ब्लड प्रेशर की जांच की। साथ ही उनकी दिनचर्या का विवरण भी लिया।

### सम्मान कभी भुलाया नहीं जा सकता

इस मौके पर योग विशेषज्ञ दिव्या पात्रीकर ने अपने पति दीपक पात्रीकर का उदाहरण देते बताया कि चार ऑपरेशन होने और स्टेन लगाने के बाद भी वे सही सलामत और सक्रिय हैं। इसकी वजह है उनका नियमित योग करना है। प्रो. चौरसिया ने दो पहिया वाहन 'चेतक स्कूटर' से पूरे भारत भ्रमण के कई रोचक किस्से सुनाए। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को हासिल करने की जिद हो तो हर मुश्किल अपने प्रयासों से आसान किया जा सकता है। ज्यादातर प्रोफेसर्स ने दुर्गा कॉलेज के दिनों को याद करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाने की वो जिद और उनकी ओर से मिलने वाला सम्मान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

**इवेंट लाइव**

## पवन दीवान की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, किया काव्य पाठ



**रायपुर।** संत पवन दीवान की पुण्यतिथि पर अगास दिया परिसर में लेखिका डॉ. रजनी नेल्सन का एकल काव्य पाठ और वक्तव्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, समाजसेवियों और कवियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर संत को श्रद्धांजलि दी। डॉ. रजनी नेल्सन ने अपनी पुस्तक से संत पवन दीवान के व्यक्तित्व और छत्तीसगढ़ पर उनके ऐतिहासिक प्रभाव पर आधारित आलेख का वाचन किया। उन्होंने बताया कि दीवान जी का नेल्सन कला गृह से विशेष स्नेह रहा और वे यहां आयोजित कार्यक्रमों में नियमित रूप से शामिल होते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. परदेशी राम वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि संत पवन दीवान केवल कवि ही नहीं, बल्कि चिंतक और समाजद्रष्टा थे। गरियाबंद क्षेत्र की यात्रा के दौरान आदिवासी समाज की गरीबी और अभाव देखकर उन्होंने सादगी को जीवन का हिस्सा बना लिया। छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति की उपेक्षा को वे गंभीर विषय मानते थे और उसके सम्मान के लिए लगातार आवाज उठाते रहे। आमदीनगर सीनियर सिटीजन संघ के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि दीवान का आमदीनगर से गहरा जुड़ाव था। उन्होंने यहां के तालाब में पूजन किया था और उनकी प्रेरणा से अगास दिया परिसर में माता कौशल्या की विराट प्रतिमा स्थापित हुई। अरुण अग्रवाल ने मांग रखी कि आमदीनगर के तालाब का नामकरण संत पवन दीवान के नाम पर किया जाए। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और महान संत की स्मृति में नामकरण होना चाहिए। कार्यक्रम में रामसेवक वर्मा ने डॉ. रजनी नेल्सन को छत्तीसगढ़ी दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया।

**कैंपस लाइव**

## दंत परीक्षण के बाद बच्चों को ब्रशिंग टेक्निक की दी जानकारी



**रायपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तत्वावधान में शासकीय माध्यमिक विद्यालय में दंत स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इंडियन डेंटल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. दीप्ति राठौर के उद्बोधन के साथ हुई। शिविर के दौरान विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया तथा डॉ. रजत कुमार जैन द्वारा प्रश्नावली आधारित दंत स्वास्थ्य क्विज़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों की सहभागिता के लिए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालय को भी आईडीए की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सेवाएं देने वाले दंत चिकित्सकों डॉ. मीनल साटकर साहू, डॉ. मयूरी राय, डॉ. अरुषी चौबे, डॉ. निकिता जोतवानी, डॉ. निकिता महेश्वरी एवं डॉ. भारती प्रसाद को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईडीए समिति सदस्य डॉ. सायली कुरैशी, डॉ. साकेत बंचोर एवं डॉ. रजत कुमार जैन की उपस्थिति रही। डॉ. रेड्डीज़ टीम को भी उनके सहयोग के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाओं में वर्षा और कौशिक गंगेश ने सहयोग किया। डॉक्टरों की टीम ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नियमित दंत जांच के महत्व को समझाने के लिए किया गया था।

---

**महाशिवरात्रि पर्व को खास बनाने मंदिर प्रबंधन ने शुरू की तैयारी, 15 फरवरी को दिनभर लगेगा भक्तों का मेला**

# पहाड़ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग, 40 फीट ऊंचे शिवलिंग का आज से दिव्य दर्शन, सजने लगे हैं शिव के धाम

शिव का श्रीधाम महापर्व से पहले ही सजने लगा है। मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों ने अब तैयारी तेज की है। शांति सरोवर में गुरुवार से महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज होने जा रहा है। जहां भक्तों को 25 ऊंचे पहाड़ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन होगा। वहीं, 40 फीट ऊंचे शिवलिंग का दर्शनार्थी 17 फरवरी तक दर्शन लाभ ले सकेंगे। आस्था केन्द्रों में भोलेनाथ का देशी-विदेशी फूलों से दरबार सजाने के साथ ही चांदी के आभूषणों से भगवान का आकर्षक श्रृंगार भी किया जाएगा।

**रायपुर।** महादेव घाट में भक्तों का मेला लगने वाला है। इसके मद्देनजर जल अर्पित करने की सुविधा देने के लिए अरघा लगाने की तैयारी है। हर साल की तरह प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में 12 से 17 फरवरी तक महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस छह दिवसीय उत्सव का आगाज पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला, महापौर मीनल चौबे और निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ करेंगे। इसी क्रम में नवा रायपुर सेक्टर-20 में स्थित एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड-शांति शिखर में 12 से 17 फरवरी तक महोत्सव मनाया जाएगा, इसका शुभारंभ प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा करेंगे। महोत्सव में पच्चीस फीट ऊंचे पहाड़ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ-साथ होलोग्राम शो आकर्षण का केन्द्र होगा। इसके अलावा भविष्य में आने वाले स्वर्णिम युग की झांकी, शिव दर्शन, आध्यात्मिक प्रदर्शनी, 40 फीट ऊंचा शिवलिंग तैयार किया गया है। इसका अवलोकन लोग प्रतिदिन शाम 5 से रात 10 बजे तक करेंगे।







### 12 से 16 तक मंदिर में ही मनेगा उत्सव

नीलकंठ सेवा संस्था की पहल पर स्टेशन रोड नहरपारा स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में 12 फरवरी से महोत्सव शुरू होने वाला है। पंडित नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन पीताम्बरा उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद 13 को हरित श्रृंगार उत्सव किया जाएगा। इस श्रृंखला में 15 को शिव-पार्वती मिलन उत्सव के बाद 16 को मां अन्नपूर्णा महाप्रसादी उत्सव मनाया जाएगा। लगातार निभाई जाने वाली परंपरा को गति देने के लिए सेवा संस्था ने अलग-अलग लोगों को आयोजन को सफल बनाने का दायित्व दिया है।





### देशी-विदेशी फूलों से सजेंगे नरहरेश्वर

सिद्धार्थ चौक स्थित श्री नरहरेश्वर महादेव के श्रीधाम में महाशिवरात्रि का आयोजन भक्तिमय माहौल में किया जाएगा। मंदिर के पुजारी देवचरन शर्मा ने बताया कि इस साल भी कोलकाता से देशी-विदेशी फूल मंगाया है। उससे महादेव के गर्भगृह को सजाने के लिए तैयारी की गई है। महाशिवरात्रि के दिन सुबह 4 बजे से दिव्य दरबार सजाने से पहले भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा। श्रृंगार पूजा के बाद आने वाले भक्तों को दर्शन करने का अवसर दिया जाएगा। पारंपरिक तरीके से भजन-कीर्तन का आयोजन इस साल भी किया जाएगा।

### दर्शनार्थी प्रोजेक्टर पर देख सकेंगे इतिहास

महोत्सव की श्रृंखला में सजाई जाने वाली झांकी का अवलोकन करने के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। वहीं, महाशिवरात्रि के दिन 15 फरवरी को सुबह 8 से रात 10 बजे तक अर्थात दिनभर द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन किया जा सकेगा। झांकियों की कड़ी में परमपिता परमात्मा शिव की यादगार द्वादश ज्योतिर्लिंगों के इतिहास एवं महत्व को संगीतमय कमेन्ट्री के माध्यम से बहुत ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। एल.सी.डी. प्रोजेक्टर से बड़े पर्दे पर द्वादश ज्योतिर्लिंग के इतिहास और महत्व की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी। साथ ही, गौरवशाली पौराणिक गाथाओं से जुड़े प्रसंगों से जोड़ा जाएगा।



### चांदी के आभूषणों से करेंगे दिव्य श्रृंगार

भाठागांव स्थित श्रीहर नीलकंठेश्वर धाम में शिवरात्रि पर उत्सव का माहौल बनने वाला है। मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के बीच भोलेनाथ की दिव्य प्रतिमा जहां आकर्षण का केन्द्र बनेगी, वहीं शिवरात्रि पर चांदी के दिव्य आभूषणों से श्रृंगार के बाद महादेव दर्शन देंगे। धार्मिक आयोजनों से शिवरात्रि पर भक्ति का चौतरफा रंग चढ़ेगा। उत्सव को महोत्सव का रूप देने के लिए सभी शिवालयों में रंगाई-पोताई के बाद व्यवस्था बनाने के लिए तैयारी है। बूढ़ेश्वर चौक और बूढ़ापारा स्थित शिव मंदिर में भगवान का फूलों से श्रृंगार करने के साथ ही भक्तों की उपस्थिति में दिव्य आरती की जाएगी।

---

## झांकी के साथ निकाली गई संतश्री गजानन की पालकी



**रायपुर।** संतश्री गजानन महाराज के प्रकटोत्सव की धूम रही। तात्यापारा स्थित मंदिर परिसर से संतश्री की पालकी शोभायात्रा उत्साह के साथ निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में गजानन महाराज की पालकी को लेकर जितनी श्रद्धा-भक्ति दिखी, उतना ही उत्साह ट्रैक्टर ट्रॉली में रखे महाराज के आदमकद तैलचित्र वाली झांकी के प्रति आस्था भी देखी गई। मंगलवार रात को बैंडबाजे और माइक पर संतश्री के जयकारों के साथ निकाली गई शोभायात्रा का तात्यापारा चौक पर महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति की ओर से फूलों की पंखुडियों से श्रद्धाभाव से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल की सखी निवास प्रभारी नमिता शेष, शंकर नगर बाल वाचनालय उद्यान प्रभारी रेणुका पुराणिक ने पदाधिकारियों के साथ पालकी की आरती उतारी।



### आयोजन को सफल बनाने में सहभागिता निभाई



युवा समिति के सहप्रभारी शुभम पुराणिक, रीना बाबर, तन्मय बक्षी, साक्षी जोशी, अक्षता पंडित, सुरभि शेष, अस्मिता कुसरे, आराधना शेष, पर्यावरण समिति के समन्वयक अभय भागवतकर, प्रभारी वैभव बर्वे, सांस्कृतिक समिति के समन्वयक प्रेम उपवंशी ने आयोजन को सफल बनाने में सहभागिता निभाई। कुछ विलंब से निकली गजानन महाराज की पालकी शोभायात्रा का नेतृत्व मंदिर के अध्यक्ष अविनाश बल्लाल सहित जयंत तापस, अरुण डोनगांवकर, विश्वास कुसरे, प्रशांत ढवले, नवीन देशमुख, सुधीर परेतकर, राजा भट ने किया। वहीं, भक्तों का समूह इस पालकी यात्रा का साक्षी बनने उत्साही नजर आया।

## गुरुओं ने परीक्षा से पहले शिष्यों को दिए आशीर्वाद

**रायपुर।** विद्यार्थी मानव जीवन का सबसे सुनहरा पल माना जाता है। यहीं से ज्ञान अर्जित करके समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। कक्षा 12वीं के बाद आप लोग एक अलग दुनिया में प्रवेश करेंगे। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सफलता के लिए भी शिक्षा के साथ गुरुजनों का आशीर्वाद जरूरी है। इस संस्कार का पालन करते हुए ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में बुधवार को विद्यालय के सभागार में कक्षा 12वीं के छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करने गुरुओं ने आशीर्वाद समारोह किया।

इसमें सबसे पहले प्राचार्या प्रतिमा राजगोर ने मां सरस्वती को माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित करके समारोह की शुरुआत की। शिक्षकों ने गीत के माध्यम से भी विद्यार्थियों को परीक्षा में आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



### विद्यार्थी जीवन पर फिल्म भी दिखाई

पहली से 12वीं तक की कक्षा में पढ़ाने वाले शिक्षकों ने छात्रों को आशीर्वचन प्रदान किए। साथ ही प्राचार्या ने डाक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से सफलता के गुर सभी छात्रों को सिखाए। उन्होंने विद्यालय में उनके जीवन पर एक फिल्म भी दिखाई, जिसमें उनके बचपन से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यालयीन क्रियाकलापों को संजोया गया। साथ ही प्राचार्या ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा के लिए निर्धारित नियमों से भी छात्रों को अवगत करवाया। समारोह के समापन पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सभी गुरुजनों को आशीर्वचन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

**प्रॉमिस डे पर विशेष : 40 साल पहले कॉलेज के दिनों में संजय और रूपेन्द्र की हुई दोस्ती, अब बन गए पड़ोसी**

**कार्नर न्यूज**

# देवरानी-जेठानी ने एक जैसे पहनावे के लिए किया प्रॉमिस, 15 सालों में उनके रिश्ते ने पेश की मिसाल

**रायपुर।** समाज में देखने को मिलता है कि ज्यादातर परिवार देवरानी और जेठानी के बीच मतभेद की वजह से ही टूट जाते हैं। ऐसे दौर में हेतल चौहान और अनीता 15 साल पहले किया वादा अब भी निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि 15 साल पहले मैंने और मेरी जेठानी अनीता चौहान ने किसी मौके पर एक जैसे पहनावे में पार्टी का हिस्सा बनी। यह पहला मौका था, जब हमने एक जैसा ही ड्रेस पहना था। तब कई तरह की बातें सुनने को मिली। तभी हमने एक-दूसरे से प्रॉमिस किया कि अब यही हमारी पहचान बनेगी। इसके बाद से हमने एक जैसा ड्रेस, चूड़ी, बिंदी और श्रृंगार करना शुरू किया। अब दोनों देवरानी-जेठानी नहीं, बल्कि एक-दूसरे की ताकत हैं। कुछ साल पहले हमने वादा किया था हमेशा साथ रहने का, हर खुशी और मुश्किल में एक-दूसरे का हाथ थामे रखने का, उसे अब भी निभा रहे हैं।





### परिवार को टूटने से बचाने का दिया संदेश

हेतल चौहान ने बताया कि जो पहले हमें देखकर ताने देते थे, अब वहीं लोग कहते हैं कि हम दोनों एक ही रंग में ढली दो परछाइयां हैं। अब भी हमारे कपड़े, गहने, चूड़ियां, चप्पल सब कुछ एक-सा होता है। इस प्रॉमिस डे पर हमें पूरे 15 साल हो गए। इस वादे ने हमारा रिश्ते को और भी मजबूत किया है। हर साल इस रिश्ते को फिर से दिल से निभाने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने इस खास अवसर पर कहा कि अगर परिवार में देवरानी और जेठानी आपस में तालमेल बना लें तो बिखरते परिवारों को बचाया जा सकता है।

### 40 साल पहले टेनिस कोर्ट में किया वादा



खम्हारडीह स्थित वीआईपी स्टेट में पड़ोसी के रूप में रहने वाले संजय शुक्ला और रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि 40 साल पहले हमारी मुलाकात कोटा स्टेडियम में हुई थी। श्री शुक्ला ने बताया कि पहले मैं हॉकी खेलता था, मेरी प्रतिभा को रूपेन्द्र ने ही पहचाना और टेनिस कोर्ट ज्वॉइन करने की सलाह दी। उसी दिन हमने प्रॉमिस किया कि अब यह सलाह हम जीवन भर एक -दूसरे को देंगे। बाद में रूपेन्द्र ने भी टेनिस कोर्ट ज्वॉइन किया और हम दोनों यूनिवर्सिसिटी टीचिंग डिपार्टमेंट से निकलने के बाद खेल प्रशिक्षक के रूप में कॅरियर शुरू किया। पहले अलग-अलग क्षेत्र में रहते थे, अब पड़ोसी बन गए हैं। हमारा रिश्ता और एक- दूसरे पर भरोसा अडिग है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 6 पैक एब्स बनाना हो तो इन गलतियों को दोहराने से बचें



6-पैक एब्स दिखाने के लिए शरीर का बॉडी फैट पर्सेंट 10% या उससे कम होना चाहिए। तभी एब्स विजिवल होते हैं। इसलिए जिम में लड़के अक्सर सिक्स पैक एब्स बनाने के लिए जिम जाकर घंटों पसीना बहाते हैं। जिसका मोटा पेट होता है उसके भी एब्स होते हैं, बस उसके एब्स के ऊपर फैट की लेयर आ जाती है। जैसे-जैसे फैट की लेयर हटती जाएगी, वैसे-वैसे एब्स भी दिखने लगते हैं। बेली फैट हर किसी के लिए काफी चिंताजनक होता है। इसलिए लोग फ्लैट टमी के लिए एक्सरसाइज भी करने लगते हैं।

पेट कम करने के लिए एब्स वर्कआउट करें या नहीं? इस बारे में जानने के लिए एक्सपर्ट की सलाह मानना सही रहता है। लेकिन कुछ लोग बिना नॉलेज के 6 पैक एब्स बनाने के लिए एक्सरसाइज के साथ देर तक प्लैंक और क्रंचेस भी करने लगते हैं। वहीं कुछ लोग इंटरनेट पर 30 दिन में 6 पैक एब्स बनाने के तरीके भी सर्च करने लगते हैं। डाइट तो अपनी जगह है लेकिन एब्स एक्सरसाइज के समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। नहीं तो रिजल्ट मिलने में देर हो सकती है या उस एक्सरसाइज का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

यदि कोई घर पर एक्सरसाइज करता है तो



वो सबसे पहले पेट कम करने की एक्सरसाइज करता है, जिसमें क्रंचेस, प्लैंक, सिट-अप्स के साथ कुछ पसंदीदा एब्स एक्सरसाइज शामिल होती हैं। इन एक्सरसाइज को करते समय भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, तभी अच्छे रिजल्ट मिलते हैं। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि एब्स एक्सरसाइज करते समय लोग कौन-सी सामान्य गलतियां करते हैं, जो उनकी प्रोग्रेस को रोक सकती हैं।

#### एक्सरसाइज के समय पानी पीना

वर्कआउट शुरू करने से कम से कम 15 मिनट पहले पानी पीना चाहिए। वर्कआउट के दौरान हर 20 मिनट बाद 8 औंस पानी पीना चाहिए। लेकिन एब्स एक्सरसाइज करते समय पानी नहीं पीना चाहिए, लेकिन अक्सर लोग एब्स एक्सरसाइज के दौरान पानी पीते हैं। एब्स के दौरान पानी पीने से पेट भर जाता है और आप अच्छी तरह एक्सरसाइज नहीं कर पाते। मसल्स भी अच्छे से कॉन्ट्रैक्ट नहीं हो पाते।

#### हाई रेप्स करना

किसी भी चीज पर ओवर टेंशन क्रिएट करने से मसल्स अधिक ब्रेक होते हैं, जिससे मसल्स रिकवरी में टाइम लग सकता है और मसल्स सोरनेस भी अधिक समय तक रहती है। इसलिए अगर आप एब्स एक्सरसाइज करते हैं, तो मसल्स को ओवर ट्रेन और हाई रेप्स करने से बचाना चाहिए। एब्स एक्सरसाइज करते समय 12-15 रेप्स और 3 सेट कर सकते हैं। एब्स की कितनी एक्सरसाइज करनी है वो आप अपनी फिटनेस लेवल के मुताबिक डिसाइड कर सकते हैं।



#### फोकस न करना

हर एक्सरसाइज में माइंड मसल्स कनेक्शन जरूरी होता है। लेकिन एब्स एक्सरसाइज को अगर बिना फोकस किया जाए तो मसल्स कॉन्ट्रैक्शन नहीं होगा और मसल्स ट्रेन भी नहीं होंगे। इसलिए मसल्स पर टेंशन क्रिएट हुए महसूस करने से ही एब्स ट्रेन होते हैं। अक्सर लोग एब्स एक्सरसाइज करते समय इधर-उधर ध्यान देते रहते हैं या आसपास के लोगों से बात करते रहते हैं। ऐसा करने से मसल्स पर फोकस नहीं होता और रिजल्ट मिलने में देरी होती है।

#### एक ही प्लान फॉलो करना

लंबे समय तक कोई भी एक्सरसाइज प्लान फॉलो करने से प्लेटू आ जाता है और रिजल्ट मिलने बंद हो जाते हैं। इसलिए हर एक महीने पर एब्स की एक्सरसाइज को चेंज कर दें। अगर एक्सरसाइज चेंज नहीं करना चाहते तो क्रम और रेप्स बदल लें। इन एक्सरसाइज को थोड़ा एडवांस बनाने के लिए वेट भी जोड़ सकते हैं। प्लैंक करते समय पीठ पर वेट रखना और प्लेट पकड़कर सिट-अप्स करना आदि।

#### वीक में एक बार एब्स ट्रेन करना

अधिकतर लोग एब्स की एक्सरसाइज हफ्ते में सिर्फ एक ही दिन करते हैं। इस कारण स्लो रिजल्ट मिलते हैं। अगर आप दो या उससे अधिक बार एब्स एक्सरसाइज करते हैं तो रिजल्ट जल्दी मिल सकते हैं। एक दिन छोड़कर एब्स एक्सरसाइझ करें। मैं यह नहीं बोल रहा कि अधिक एक्सरसाइज करें, बल्कि 1-2 एब्स एक्सरसाइज वर्कआउट के बाद कर सकते हैं।

समय पर इलाज नहीं कराना बन सकती है गंभीर बीमारियों की वजह

# भागदौड़ की जिंदगी में थायराइड कर रहा परेशान शुरुआती संकेत से पहचानिए और कीजिए इलाज

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में थायराइड से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन अगर इसे समय पर नहीं पहचाना और इलाज नहीं किया गया तो यह गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। थायराइड गले में स्थित एक छोटी ग्रंथि है, जो हमारे शरीर में हार्मोन का संतुलन बनाए रखने का काम करती है। इसका असंतुलन शरीर के विभिन्न हिस्सों को प्रभावित कर सकता है।

थायराइड के मुख्यतः दो प्रकार हैं: हाइपोथायरायडिज्म में थायराइड हार्मोन की कमी हो जाती है। वहीं हाइपरथायरायडिज्म में हार्मोन का स्तर अधिक हो जाता है।



#### थायराइड के शुरुआती संकेत

थकान और कमजोरी:

यदि आप बिना किसी शारीरिक श्रम के भी अत्यधिक थकान महसूस कर रहे हैं, तो यह हाइपोथायरायडिज्म का संकेत हो सकता है।

#### वजन में बदलाव:

बिना किसी कारण के वजन बढ़ना या कम होना थायराइड की समस्या का संकेत हो सकता है। हाइपोथायरायडिज्म में वजन बढ़ता है, जबकि हाइपरथायरायडिज्म में वजन तेजी से घटता है।

#### बालों का झड़ना और त्वचा में रूखापन:

थायराइड की समस्या होने पर बाल कमजोर होकर झड़ने लगते हैं और त्वचा रूखी हो सकती है।

#### नींद की समस्या:

थायराइड की असामान्यता से अनिद्रा या बहुत अधिक नींद आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

#### दिल की धड़कन का असामान्य होना:

हृदय की गति का तेज या धीमा होना, विशेष रूप से हाइपरथायरायडिज्म में, एक सामान्य लक्षण है।

#### पाचन संबंधी समस्याएं:

हाइपोथायरायडिज्म के कारण कब्ज हो सकती है, जबकि हाइपरथायरायडिज्म से दस्त की समस्या हो सकती है।

#### गर्दन में सूजन:

थायराइड ग्रंथि के आकार में वृद्धि के कारण गर्दन में सूजन महसूस हो सकती है। इसे ₹गॉइटर₹ कहा जाता है।

#### मूड स्विंग और अवसाद:

थायराइड हार्मोन का असंतुलन आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। इसमें चिड़चिड़ापन, चिंता, या अवसाद जैसी समस्याएं हो सकती हैं।




#### मासिक धर्म में अनियमितता:

महिलाओं में थायराइड की समस्या मासिक धर्म चक्र को प्रभावित कर सकती है। हाइपोथायरायडिज्म में मासिक धर्म भारी और अनियमित हो सकता है।

#### हाथ-पैर में झुनझुनी या ठंड महसूस होना:

थायराइड की समस्या के कारण शरीर के तापमान को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है, जिससे ठंड लगने या हाथ-पैर सुन्न पड़ने की समस्या हो सकती है।

#### थायराइड से बचाव के उपाय



**संतुलित आहार लें:** थायराइड को नियंत्रित रखने के लिए आयोडीन, जिंक, और सेलेनियम युक्त खाद्य पदार्थ जैसे मछली, अंडे, नट्स, और अनाज का सेवन करें।

**व्यायाम करें:** नियमित योग और शारीरिक व्यायाम शरीर में हार्मोन के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है।

**तनाव कम करें:** अत्यधिक तनाव थायराइड को प्रभावित कर सकता है। ध्यान और मेडिटेशन का अभ्यास करें।

**पर्याप्त नींद लें:** हर रात कम से कम 7-8 घंटे की गहरी नींद लें।

**डॉक्टर से नियमित परामर्श करें:** यदि आपको थायराइड के लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें और आवश्यक जांच करवाएं।

**थायराइड में क्या खाएं और क्या न खाएं ?:** थायराइड की समस्या से निपटने के लिए सही आहार का चयन बेहद महत्वपूर्ण है। यह न केवल आपके हार्मोन संतुलन को सुधारने में मदद करता है, बल्कि शरीर को जरूरी पोषक तत्व प्रदान करके समग्र स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। आइए विस्तार से जानें कि थायराइड के मरीजों को क्या खाना चाहिए और इससे कैसे बचाव किया जा सकता है।

**फाइबर युक्त फल और सब्जियां:** थायराइड से परेशान लोगों के लिए फाइबर का सेवन बहुत फायदेमंद है। फाइबर पाचन क्रिया को सुधारता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है।

## सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप में वैभव, नितांत और संगीत की शानदार पारी







■ क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न मैदानों में चल रहे मुकाबले

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। दल्ली राजहरा में टीम धमतरी ने दंतेवाड़ा के विरुद्ध 295 रनों से जीत कर 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में धमतरी पहली पारी 219 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा टीम पहली पारी में 72 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में धमतरी टीम दूसरी पारी में 221 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में धनतेरा 74 रन पर आउट हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम रायगढ़ ने बीएसपी के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 125 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी ने पहली पारी नौ विकेट पर 671 रन के साथ पारी घोषित कर दी। संगीत सोनी ने 203 रन, नितांत सिंह ने 167 रन और कप्तान वैभव साहू ने नॉट आउट 116 रन बनाए। कार्तिक नायडू ने 82 और पियूष पिल्लै ने 32 रन बनाए। गेंदबाजी में रायगढ़ के शुभम अग्रवाल ने चार विकेट, अनुग्रह नारायण सिंह एवं आशीष कोरी ने दो-दो विकेट लिए। आरडीसीए रायपुर में कवर्धा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग टीम पहली पारी में 302 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा पहली पारी 168 पर आउट हुई। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी 8 विकेट पर 197 रन बनाए।

दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जशपुर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव टीम पहली पारी में 339 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में जशपुर ने पहली पारी में 6 विकेट पर 232 रन बनाए। धमतरी में हुए मैच में कांकेर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए टीम कोरबा पहली पारी 187 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी कांकेर पहली पारी 179 रन पर आउट बल्लेबाजी कोरबा दूसरी पारी 180 रन पर आउट बल्लेबाजी में कांकेर ने दूसरी पारी तीन विकेट पर 31 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में महासमुंद के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए टीम बस्तर पहली पारी में 447 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में महासमुंद टीम पहली पारी में 213 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बस्तर ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 54 रन बनाए।

## किराए के मकान में रहते हुए न करें ये भूल



कई बार किराए के मकान में रहते हुए कुछ ऐसी वास्तु से जुड़ी भूल लोग कर बैठते हैं जिसके कारण उनका अपना घर बनने में देरी होने लगती है और अनेकों बाधाएं पैदा होती जाती हैं।

#### किराए के मकान के लिए वास्तु टिप्स

सबसे पहले किराये के मकान में रहने वाले लोगों के लिए यह समझना जरूरी है कि अगर आप जिस घर में रह रहे हैं वहां आपके साथ घर का मालिक या मालकिन भी रहते हैं तो ऐसे में वास्तु दोष सिर्फ आपकी गलती के कारण ही नहीं बल्कि घर के ओनर के कारण भी पैदा हो सकता है जिससे नुकसान आपका और घर के मालिक/मालकिन दोनों का हो सकता है।

वहीं, अगर आप किराये के मकान में अकेले रहते हैं तो ऐसे में वास्तु से जुड़ी बातों का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है क्योंकि वह घर भले ही किसी और का हो लेकिन उसमें रखी वस्तुओं का इस्तेमाल आप कर रहे हैं। किराए के घर में कभी भी लकड़ी के दरवाजे नहीं होने चाहिए। हमेशा स्टील धातु से बना दरवाजा लगवाना चाहिए नहीं तो इससे घर की बरकत रुकती है।

असल में लकड़ी खराब हो जाए या घुन लग जाए उसमें तो ऐसी लकड़ी के दरवाजे नकारात्मक ऊर्जा को घर में प्रवेश देते हैं और सकारात्मकता को रोक लेते हैं। ऐसे में स्टील के दरवाजे लगाना शुभ माना गया है। वहीं, किराए के मकान को बुरी शक्तियां जल्दी प्रभावित करती हैं। ऐसे में रोजानाशामा के समय कपूर या लोबान जलाकर उसका धुआं घर के हर एक भाग में करें।



## जानिए हैंडस्टैंड पुश-अप्स करने का सही तरीका, मिलेंगे जबरदस्त फायदे


मौजूदा समय में एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी काम माना जाता है। आजकल अधिकतर लोग बैठकर काम करने की आदत में हैं, जिससे मोटापा, डायबिटीज, हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। नियमित एक्सरसाइज से इन बीमारियों का जोखिम कम किया जा सकता है। इसके अलावा भी एक्सरसाइज करने से बहुत सारे फायदे होते हैं।

#### एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी

फिट रहना किसी भी व्यक्ति के लिए जरूरी है। एक्सरसाइज से शरीर मजबूत और लचीला बनता है, जो उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक समस्याओं को कम करता है और ऊर्जा स्तर को बनाए रखता है। एक्सरसाइज से नींद में सुधार होता है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। अच्छे से सोने से शरीर ठीक से रिकवर कर पाता है और अगले दिन के लिए ताजगी महसूस होती है।

#### हैंडस्टैंड पुश-अप क्या है?

हैंडस्टैंड पुश-अप एक बॉडीवेट एक्सरसाइज है जो कंधों,





हाथों, और सीने की ताकत को बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह पुश-अप का एक वर्शन है, जिसे आप अपने हाथों के बल किए हुए करेंगे और शरीर को उल्टा रखेंगे। इस एक्सरसाइज में शरीर का वजन कंधों और बाहों पर आता है, जो कंधे और कोर को मजबूत करने में मदद करता है।

#### हैंडस्टैंड पुश-अप करने का सही तरीका

हैंडस्टैंड पुश-अप करने के लिए सबसे पहले, एक दीवार के पास खड़े हो जाएं। इससे आपको स्थिरता मिलेगी। अब अपने पैरों को दीवार पर रखें और हाथों से जमीन पर सपोर्ट लें। सुनिश्चित करें कि आपके हाथ कंधे के नीचे और आपके शरीर की सीध में हों। आपके पैरों की ऊँचाई दीवार पर कम से कम होनी चाहिए, ताकि आप उलटे खड़े हो सकें।


#### पोजिशन को ध्यान में रखना जरूरी

धीरे-धीरे अपने पैरों को दीवार पर रखें और शरीर को सीधा रखते हुए हाथों पर खड़ा हो जाएं। इस पोजीशन में आपके शरीर का पूरा वजन आपके हाथों और कंधों पर होगा। अब, धीरे-धीरे कोहनी मोड़ें और अपने शरीर को नीचे की ओर लाएं। कंधों के पास कोहनियों को बाहर की ओर फैलाने की कोशिश करें, और शरीर को नियंत्रित रखते हुए नीचे की ओर लाएं।

#### इन बातों का रखें ख्याल

शुरुआत में दीवार का सहारा लेना बेहतर होता है, क्योंकि यह संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। समय के साथ आप बिना दीवार के भी यह एक्सरसाइज कर सकते हैं। शुरू में धीमे और सावधानी से करें। जल्दबाजी में या गलत तकनीक से चोट लगने का खतरा हो सकता है। इसे नियमित करने से कंधे, ट्राइसेप्स, और हाथों की ताकत बढ़ती है। इसके अलावा कोर मसल्स को मजबूत करने में मदद मिलती है।















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 59 की उम्र में चौथी शादी करेंगी हैली, बताया कब थामेंगी सिंगर हंट का हाथ



हॉलीवुड एक्ट्रेस लंबे वक्त से सिंगर, सॉन्गराइटर वैन हंट को डेट कर रही हैं। हाल ही में एक टीवी शो में हैली बेरी ने अपनी सगाई की बात को कबूल किया। साथ ही बताया कि वह वैन हंट से कब शादी करने वाली हैं। हाल ही में 'द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन' में हैली बेरी ने बताया कि वह वैन हंट संग शादी करेंगी। लेकिन यह शादी कब होगी इस बारे में उन्होंने कहा, 'जब वैन ने मुझसे शादी के लिए पूछा तो मैंने हां कर दी। लेकिन अभी हमारे पास शादी की तारीख को लेकर कोई अपडेट नहीं है। लेकिन मैं उनसे शादी जरूर करूंगी।' यह सुनकर शो में बैठे हुए हैली बेरी के फैंस काफी खुश हुए। सोशल मीडिया यूजर्स ने भी इस खबर पर रिएक्शन देते हुए हैली बेरी को बधाई दी। हैली बेरी वैन हंट से शादी करेंगी तो यह उनकी चौथी शादी होगी। इससे पहले वह बेसबॉल खिलाड़ी डेविड जस्टिस, सिंगर-सॉन्ग राइटर एरिक बेनेट और फ्रैंच एक्टर ओलिवियर मार्टिनेज से शादी कर चुकी हैं। डेविड जस्टिस से हैली ने साल 1993 में शादी और साल 1997 में तलाक ले लिया। इसके बाद साल 2001 में एरिक बेनेट से दूसरी शादी की और साल 2005 में तलाक ले लिया। तीसरी शादी हैली बेरी ने ओलिवियर मार्टिनेज से साल 2013 में की लेकिन साल 2016 में इनका तलाक हो गया। अब हैली और वैन हंट अपने नए रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हैली बेरी ने 'मॉन्स्टर्स बॉल (2001)' के लिए ऑस्कर अवॉर्ड जीता था। वहीं वह एक्स मैन फ्रैंचाइजी में स्टॉर्म नाम का रोल निभाती हैं। यह किरदार दर्शकों को खूब पसंद है। इन फिल्मों के अलावा वह 'द कॉल (2013)' और 'बॉन्ड डाई अनदर डे (2002)' में भी दिखीं।

## टॉलीवुड

### अल्लू अर्जुन से मिलने के लिए चर्चा में आए 42 नियम, टीम ने कही ये बात



अभिनेता अल्लू अर्जुन के फैंस दुनियाभर में हैं। उनकी एक झलक को लेकर फैंस बेताब रहते हैं। मगर हाल ही में एक ब्रांड की स्ट्रैटजी टीम का हिस्सा रह चुकीं कावेरी बरुआ ने दावा किया कि अल्लू अर्जुन से मिलने के दौरान 42 नियमों का पालन करना पड़ता है। उन्होंने अभिनेता से मुलाकात का एक किस्सा भी साझा किया और बताया कि इससे पहले उन्हें नियम व शर्तों की लिस्ट पकड़ाई गई थी। कावेरी का बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो अल्लू अर्जुन की टीम ने महिला के दावे को न सिर्फ खारिज किया है, बल्कि लीगल एक्शन की बात भी कही है। अभिनेता अल्लू अर्जुन की टीम ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक बयान जारी किया है। उन्होंने कावेरी के दावों को पूरी तरह निराधार बताते हुए खारिज किया है। टीम ने लिखा है, 'हाल ही में अल्लू अर्जुन के बारे में जो बातें कही गईं, वह पूरी तरह गलत और निराधार हैं। अल्लू अर्जुन ने हमेशा खुद को सम्मान और गरिमा के साथ पेश किया है। हम इन झूठे आरोपों को गंभीरता से ले रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हमारी लीगल टीम मानहानि की कार्रवाई शुरू कर रही है। सभी से हमारी अपील है कि बिना पड़ताल किए इस तरह की खबरों का प्रसार करने से बचें'। बता दें कि एक पॉडकास्ट में कावेरी ने दावा किया कि अभिनेता अल्लू अर्जुन से मिलने से पहले उन्हें एक नोट दिया गया था। इसमें 42 बातें लिखी थीं कि क्या करें और क्या न करें। इनमें लिखा था, 'सर की आंखों में मत देखना, हाथ नहीं मिलना आदि' ।उन्होंने मैनेजमेंट की एक मुश्किल चेन के बारे में भी बताया कि उनके पास मैनेजर के मैनेजर का भी मैनेजर होता है। वे बहुत सख्त हैं'। कावेरी के इस दावे के बाद सोशल मीडिया पर एक्टर के कथित प्रोटोकॉल पर सवाल उठाए जाने लगे। इसके बाद उनकी टीम ने इन्हें खारिज किया है।

## भोजपुरी

### 'बाबू जी' का ट्रेलर जारी, भावनात्मक कहानी ने दर्शकों को किया प्रभावित



भोजपुरी फिल्म 'बाबू जी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 3:46 मिनट का ट्रेलर भावुक करने वाला है। इसमें एक माता-पिता की कहानी है, जिनको बच्चे घर से निकाल देते हैं और उसके बाद मां की मौत हो जाती है। मामला कोर्ट पहुंचता है और फिर फैसला होता है।


भोजपुरी सिनेमा के चर्चित निर्माता रत्नाकर कुमार और निर्देशक पराग पाटिल की अपकमिंग फिल्म 'बाबू जी' का ट्रेलर आज वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। रिलीज के साथ ही ट्रेलर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों के बीच इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर की कहानी दर्शकों को अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म 'बागबान' की याद जरूर दिलाती है, लेकिन 'बाबू जी' की प्रस्तुति और घटनाक्रम उससे भी अधिक प्रभावशाली और दिल को छू लेने वाले हैं। यह फिल्म समाज में माता-पिता के प्रति बढ़ती संवेदनहीनता को बेहद मार्मिक तरीके से सामने रखती है। फिल्म की कहानी उन बुजुर्ग माता-पिता की त्रासदी को दर्शाती है, जिन्हें उनके अपने ही बच्चे घर से निकाल देते हैं और सड़क पर भटकने को मजबूर कर देते हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि इस दर्दनाक परिस्थिति में मां की मृत्यु हो जाती है और पिता को मजबूरन अपने ही बच्चों के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़नी पड़ती है। यह केवल एक फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि आज के समाज की सच्चाई का आईना है, जो दर्शकों की भावनाओं को झकझोर कर रख देती है।

## महाराजा मूड




पुरुषों के लिए रॉयल इंडियन फेस्टिव फैशन ट्रेंड्स 2026 में महाराजा मूड छाया रहा। दरअसल, यह रॉयल ड्रेसिंग का एक रिफाइंड तरीका है जो एलिगेंट, पहनने में आरामदायक और साफ तौर पर मॉडर्न लगता है। ऐसे हेरिटेज सिलुएट्स के बारे में सोचें जिन्हें कंटेम्परारी टेलरिंग और ऐसे फैब्रिक से सॉफ्ट बनाया गया है जो धीरे से, लेकिन आत्मविश्वास से अपनी बात कहते हैं।

## डार्क सर्कल के लिए घर पर तैयार करें ये खास क्रीम



अगर आप भी आंखों के नीचे होने वाले डार्क सर्कल्स से परेशान हैं, तो अब आप एक्सपर्ट के बताएं इस घरेलू नुस्खे को जरूर अपनाना चाहिए। इससे आपको काफी फायदा देखने को मिलेगा।

### जानें ब्यूटी एक्सपर्ट की राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक चेहरे की खूबसूरती को खराब करने में डार्क सर्कल्स का बड़ा योगदान होता है। आंखों के नीचे होने वाले इन काले घेरे से बचने के लिए आप घर पर रह कर इस खास जेल को बना सकती हैं। इस जेल को आंखों के नीचे लगाने से आपके डार्क सर्कल्स तो काम होंगे ही साथ ही आपकी स्किन को ठंडक मिलेगी, कलापन दूर होगा और आंखों के नीचे होने वाली खुजली, जलन से राहत भी मिलेगी। इस जेल को बनाने के लिए सबसे पहले सामग्री को इकठ्ठा कर लें। आइए जानते हैं इसकी सामग्री के बारे में।

### जानें बनाने का तरीका

ब्यूटी एक्सपर्ट के मुताबिक इस खास अंडर आई क्रीम को बनाने के लिए सबसे पहले आपको ताजे एलोवेरा जेल को एक कटोरी में निकाल कर इसमें कुछ बून्द गुलाब जल की मिला तक इस जेल को तैयार करना हैं, फिर इसे 10 मिनट के लिए रख कर रात में सोने से पहले अपनी आंखों के नीचे जहां पर काले घेरे हैं, वहां इसे लगाना है।

### इन बातों का रखें ध्यान

ध्यान रहे इसे लगाते समय आपको अपनी आंखों को बचाते हुए इसका इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि अगर गलती से ये आपकी आंख में चला गया तो इससे आपको कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। आप इस जेल को डार्क सर्कल्स पर रोजाना रात में सोने से पहले लगा सकती हैं। ऐसा आपको कम से कम एक से दो हफ्ते तक रोजाना करना चाहिए।

## पार्टी में आपके लुक के आगे सबका रंग पड़ जाएगा फीका



शादी के मौके पर महिलाएं साड़ी या लहंगा स्टाइल करती हैं। लेकिन, शादी के बाद होने वली रिसेप्शन पार्टी में महिलाएं न्यू लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप भी ऐसा चाहती हैं तो आप इस खास मौके पर गाउन स्टाइल कर सकती हैं। गाउन न्यू लुक पाने और साथ ही भीड़ से अलग नजर आने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। आपके लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन बाजार में आए हैं, जिनका चुनाव आप रिसेप्शन पार्टी के लिए कर सकती हैं।



### एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन

रिसेप्शन पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन का चुनाव कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ये गाउन आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ आसानी से मिल जाएंगे। इस गाउन के साथ अपना लुक कम्पलीट करने के लिए आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह का फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं और इस गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा।



एम्ब्रॉयडरी वर्क में आप इस तरह के गाउन भी रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं। यह गाउन फुल स्लीव्स में है साथ ही राउंड नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ आता है। इस तरह का गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### ऑर्गेंजा सिल्क गाउन

अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह के ऑर्गेंजा सिल्क गाउन स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। यह गाउन जहां ऑर्गेंजा सिल्क में है तो वहीं बैकलेस है। यह ऑर्गेंजा सिल्क गाउन आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएगा और इसे आप 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस गाउन के साथ आप पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी में स्टाइल कर सकती हैं।

## पार्टनर को दें ये ऑक्सीडाइज्ड ब्रेसलेट

पार्टनर को सरप्राइज करने का प्लान है, तो ऐसे में आप कुछ अलग तरह की एक्सेसरीज को गिफ्ट करें। जिसे वियर करके आपका पार्टनर खुश नजर आए।



### घुंघरू डिजाइन वाले ब्रेसलेट

आप अगर पार्टनर के हाथों की सुंदरता को बढ़ाना चाहते हैं, तो ऐसे में आप घुंघरू डिजाइन वाले ब्रेसलेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट हाथों में पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसे आपकी पार्टनर बाद में किसी और आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आगे की तरफ काफी सारे घुंघरु होते हैं। इसे पीछे दबाकर सेट किया जाता है। इसलिए ये हर किसी के हाथों में आसानी से आ जाते हैं। इस तरह के ब्रेसलेट मार्केट में आसानी से मिल भी जाते हैं।

### सिंपल डिजाइन वाला ब्रेसलेट

ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी हर रंग के साथ अच्छी लगती है। ऐसे में आप अपने पार्टनर को वेलेंटाइन डे पर गिफ्ट करने के लिए इन ब्रेसलेट को खरीद सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें छोटे-छोटे डिजाइन दिए होते हैं। इससे ब्रेसलेट हर ज्वेलरी के साथ पेयर हो जाता है। हाथों में पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसे आप चाहें तो पेयर में भी गिफ्ट कर सकते हैं।

### स्टोन डिजाइन वाला ब्रेसलेट

आप पार्टनर को खुश करने के लिए स्टोन डिजाइन वाला ब्रेसलेट गिफ्ट कर सकते हैं। इस तरह का ब्रेसलेट वेस्टर्न आउटफिट के साथ काफी अच्छा लगता है। ऐसे में आप इसे चाहें तो किसी भी ड्रेस के साथ पेयर करके वियर कर सकते हैं।

## रातभर चेहरे पर ग्लिसरीन लगाकर रखने का है जोखिम, आप भी जानिए

ओवरनाइट चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से त्वचा हाइड्रेट और कोमल बनी रहती है, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से ड्राईनेस, चिपचिपाहट या स्किन इरिटेशन भी हो सकती है। जानें इससे जुड़े कुछ फायदे और सावधानियां।

ग्लिसरीन के प्रयोग को डर्मेटोलॉजिस्ट भी अच्छा मानते हैं। सबसे अच्छी बात तो यह है कि हर तरह की स्किन टाइप पर इसका प्रयोग किया जा सकता है। मगर क्या इसे रात भर के लिए चेहरे पर लगाकर सोया जा सकता है? इस विषय में हमारी बात डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर अमित बांगिया से हुई है। वह कहते हैं, ₹नहीं, रात में सोने से पहले आपको चेहरे डीप क्लीन और मॉइश्चराइज करना है। ग्लिसरीन बेशक स्किन के लिए अच्छी मानी गई है, मगर त्वचा पर इसकी



उपस्थिति 30 मिनट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। यह एक केमिकल फॉर्मुला है। रातभर या अत्याधिक मात्रा में यदि आप इसे चेहरे पर लगाती हैं, तो इसके बुरे परिणाम भी आपको देखने पड़ सकते हैं। ₹

### क्या है ग्लिसरीन?

यह एक कार्बनिक यौगिक है। यह आपको जानवरों के फैट और वेजिटेबल से निकले तेल में मिलता है। इसमें न तो रंग होता है और न ही कोई खुशबू होती है। इसे त्वचा पर लगाया भी जा सकता है और खाया भी जा सकता है। यह त्वचा को सॉफ्ट और स्मूद बनाता है। इतना ही नहीं, इससे आपकी त्वचा चमकदार भी बनती है और ड्राईनेस भी कम होती है।

### रात भर चेहरे पर क्यों नहीं लगाएं ग्लिसरीन?

रात भर चेहरे पर ग्लिसरीन लगाकर न रखें। इससे आपकी त्वचा की अंदर की परतें ड्राई हो जाती हैं।

## कार्नर न्यूज

### फैशन के दौर में अलग दिखने की चाह का बढ़ रहा जुनून

## भीड़ में दिखना चाहते हैं अलग, ट्राई कीजिए कुछ खास और बेहतरीन आउटफिट्स

सब हेडिंग- स्टाइल और आराम का अच्छा संतुलन बनाना जरूरी

सर्दी की विदाई के मौसम में स्टाइल और आराम का अच्छा संतुलन बनाना जरूरी होता है। इसके लिए ब्लेजर, स्वेटशर्ट, स्टाइलिश हूडी और जॉगर्स जैसे कपड़े बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। पार्टी में जाते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। पार्टी में एक शानदार लुक पाने के लिए बेहतरीन आउटफिट का होना अहम है।

पार्टी में पहने इस तरह के कपड़े

अगर आप युवा हैं तो फॉर्मल ड्रेस की बजाय कैजुअल और आरामदायक कपड़े पहनना अच्छा रहेगा। हालांकि, ध्यान रखें कि चमकदार रंगों से बचें, क्योंकि ये पार्टी के माहौल के हिसाब से अधिक जंचते नहीं।

### ऐसे बन सकते हैं स्मार्ट और स्टाइलिश

जश्न में मौसम को ध्यान में रखते हुए प्लेन स्वेटर और ब्लेजर का कॉम्बिनेशन बेहद स्टाइलिश और आरामदायक होता है। कैजुअल पैंट और ब्रोग्स शूज के साथ ये लुक



एकदम परफेक्ट है, क्योंकि यह आपको स्मार्ट और रिलैक्स दोनों ही लुक देता है। ये आउटफिट न सिर्फ स्टाइलिश है, बल्कि बहुत ही क्लासी भी लगता है, जिससे आप पार्टी में सभी का ध्यान अपनी ओर खींच सकते हैं।

### डेनिम जैकेट निखारेगा आपका लुक

पार्टी में अगर आप कम ठंड में भी कूल और स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, तो यह लुक बिल्कुल आपके लिए है।

डेनिम जैकेट के नीचे एक सिंपल टी-शर्ट, आरामदायक जॉगर्स और कैजुअल स्नीकर पहनकर आप एक बेहतरीन और स्मार्ट लुक पा सकते हैं।

### ट्राई कर सकते हैं फॉर्मल लुक

फॉर्मल लुक एक ऐसी स्टाइल है, जो न केवल प्रोफेशनल माहौल में, बल्कि पार्टीज और इवेंट्स में भी बहुत अच्छा लगता है। फॉर्मल पैंट, शर्ट, कोट और ऑक्सफॉर्ड शूज एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

